संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -230 गुरुवार ,22 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# फिल्म के खिलाफ याचिका दायर

» 30 जून को सुनवाई करेगा दिल्ली हाईकोर्ट



**नई दिल्ली,21 जून 2023(ए)।** बॉलीवुड फिल्म 'आदिपुरुष' के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर दक्षिणपंथी संगठन हिंदू सेना की ओर से दायर कि गई एक याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट 30 जून को सुनवाई करेगा। दरअसल, 17 जून को दायर कि गई याचिका में हिंदू सेना की ओर से कहा गया था कि फिल्म में धार्मिक पात्रों और आंकड़ों को गलत तरीके से चित्रित किया गया है। याचिका पर विचार करते हुए कोर्ट ने इसे 30 जून को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

### फिल्म ने हिंदू भावनाओं को आहत किया

बता दें कि, संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से दायर रिट याचिका में प्रतिवादियों को हटाने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है। फीचर फिल्म से आपत्तिजनक दृश्य, उत्तरदाताओं को परमादेश के अलावा, सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए आदिपुरुष को प्रमाणित नहीं करने का निर्देश भी देने की मांग की गई है। जनहित याचिका में आगे आरोप लगाया गया है कि ओम राउत की ओर से निर्देशित फिल्म ने हिंदू समुदाय की भावनाओं को 'आहत' किया है, क्योंकि इसमें धार्मिक पात्रों को गलत और अनुचित तरीके से चित्रित किया गया है। यह रामायण में महर्षि वाल्मीकि और संत तुलसीदास जैसे महान लेखकों की ओर से वर्णित हिंदू धार्मिक वर्णन के विपरीत है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि उन्होंने चार अक्टूबर, 2022 को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव को भी एक ज्ञापन दिया था। हालांकि, मंत्रालय जवाब देने में विफल रहा।

### धार्मिक पात्रों के सभी पात्र भारतीय सभ्यता से पूरी तरह से अलग

विष्णु गुप्ता ने जनहित याचिका में तर्क दिया है कि चित्रण फिल्म में अभिनेता सैफ अली खान और भगवान हनुमान की ओर से निभाए गए रावण जैसे धार्मिक पात्रों के सभी पात्र भारतीय सभ्यता से पूरी तरह से अलग हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि, फिल्म में रावण के चरित्र का दाढ़ी वाला रूप हिंदू समुदाय की भावनाओं को आहत कर रहा था, क्योंकि हिंदू ब्राह्मण रावण को गलत तरीके से एक भयानक चेहरा बनाते हुए दिखाया गया है, जो हिंदू सभ्यता, हिंदू धार्मिक शख्सियतों, मूर्तियों का घोर अपमान है। यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक अधिकारों का सरासर उल्लंघन है। हिंदू सेना प्रमुख ने प्रस्तुत किया कि उन्होंने सामान्य रूप से जनता के 'लाभ' के लिए जनहित याचिका दायर की थी, जो स्वयं अदालत तक पहुंचने में असमर्थ हो सकते हैं क्योंकि वे वित्तीय और कानूनी रूप से पूरी तरह से सक्षम नहीं है। याचिका में उत्तरदाताओं में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष, तमिलनाडु के गृह सचिव, आदिपुरुष के निर्देशक ओम राउत और निर्माता और टी सीरीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भूषण कुमार और केंद्र सरकार शामिल हैं।




## प्रवर्तन निदेशालय ने उद्योगपति सुजीत पाटकर के खिलाफ की छापेमारी

### ईडी की बड़ी कार्रवाई

**मुंबई,21 जून 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति सुजीत पाटकर के खिलाफ धन शोधन के एक मामले में बुधवार को मुंबई में 15 स्थानों पर छापेमारी की. एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पाटकर और उसके तीन सहयोगियों ने महामारी के दौरान कोविड-19 क्षेत्र अस्पतालों के प्रबंधन के लिए बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के ठेके कथित रूप से फर्जी तरीके से हासिल किए थे.

उन्होंने कहा कि कोविड-19 अस्पताल प्रबंधन के ठेकों के संबंध में बीएमसी के कुछ अधिकारियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी संजीव जायसवाल सहित अन्य लोगों के परिसरों पर ये छापेमारी की जा रही है. यहां आजाद मैदान थाने में लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज कंपनी, पाटकर और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ पिछले साल अगस्त में जालसाजी का मामला दर्ज किया गया था.

मिली जानकारी के मुताबित प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने धनशोधन के पहलू से जांच के लिए मामला दर्ज किया था. बीएमसी आयुक्त इकबाल सिंह चहल महामारी के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं के ठेके देने में कथित अनियमितताओं के संबंध में इस साल जनवरी में ईडी के सामने पेश हुए थे. सुजीत पाटकर शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत के करीबी माने जाते हैं.




## यात्रियों के लिए खुशखबरी

» अब 15 रुपए में मिलेगा ताजा खाना

**नई दिल्ली,21 जून 2023 (ए)।** ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। अब ट्रेनों में सफर कर रहे साधारण श्रेणी के यात्रियों को भी सस्ता और ताजा खाना मिलेगा। इसके लिए यात्रियों को 15 रुपये देने होंगे। यात्रियों को खाने में पूरी-सब्जी और अचार दिया जाएगा। यह सुविधा रेल डिवीजन फिरोजपुर के नौ रेलवे स्टेशनों पर शुरू कर दी गई है। दरअसल, रेलवे ने ट्रेनों में सफर कर रहे साधारण श्रेणी के यात्रियों को सस्ता एवं ताजा खाना उपलब्ध करवाने की सुविधा शुरू की है। मानक के अनुसार इस खाने के पैकेट में 175 ग्राम पूरी (7 पूरी), 150 ग्राम सब्जी और अचार होता है। इसकी कीमत प्रति पैकेट 15 रुपये रखी गई है। खास बात ये है कि खान-पान स्टाल की लगातार निरिक्षण अधिकारियों एवं वाणिज्य निरीक्षकों की ओर से की जा रही है। वही रोजाना उच्चाधिकारियों की ओर से इसका अवलोकन किया जा रहा है।

## क्यों नेता प्रतिपक्ष की भूमिका से मुक्त होना चाहते हैं अजित पवार ?

### बोले-मैं अब करना चाहता हूं संगठन में काम

» राकांपा नेता अजीत पवार यह कहकर अफवाहों का खंडन कर दिया था कि वह मरते दम तक राकांपा में ही रहेंगे

» शरद पवार द्वारा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पर सुप्रिया सुले एवं प्रफुल पटेल को बैठा दिया गया



**मुंबई,21 जून 2023 (ए)।** राकांपा के गठन के 24 वर्ष पूरे होने पर मुंबई के षडमुखानंद सभागार में आयोजित समारोह के दौरान राकांपा नेता अजीत पवार ने कहा कि वह अब नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से हटकर संगठन में काम करना चाहते हैं। हालांकि, उनके इस बयान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार की अभी कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है।

उन्होंने पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका से मुक्त किया जाए, क्योंकि अब वह संगठन में काम करना चाहते हैं।

### बीजेपी में जाने की उड़ी थीं अफवाहें

अजीत पवार पिछले कुछ दिनों से विभिन्न कारणों से चर्चा में रहे हैं। कुछ ही सप्ताह पहले उनके भाजपा में जाने की अफवाहें उड़ी थीं, लेकिन उन्होंने यह कहकर अफवाहों का खंडन कर दिया था कि वह मरते दम तक राकांपा में ही रहेंगे।

इसके कुछ दिनों बाद ही उनके चाचा एवं राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार द्वारा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पर अपनी पुत्री सुप्रिया सुले एवं प्रफुल पटेल को बैठा दिया गया। तब भी अजीत पवार की उपेक्षा किए जाने की चर्चा शुरू हुई, लेकिन अजीत पवार ने तब भी यह कहते हुए इस बात का खंडन किया कि वह राष्ट्रीय राजनीति में जाना ही नहीं चाहते थे।

### कौन हैं एनसीपी का प्रदेशाध्यक्ष ?

बुधवार को पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने राज्य में राकांपा का मुख्यमंत्री होने की प्रतिबद्धता जताई।

माना जा रहा है कि इसी प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देने के लिए अजीत पवार अब संगठन में बड़ी जिम्मेदारी चाहते हैं। फिलहाल राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल हैं। माना जा रहा है कि अजीत पवार अब स्वयं यह जिम्मेदारी निभाना चाहते हैं। लेकिन, अंतिम निर्णय तो उनके चाचा एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार के हाथ में है।



## इंदौर-भोपाल के मध्य जल्द ही चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**इंदौर,21 जून 2023(ए)।** 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंदौर-भोपाल वंदे भारत सहित पांच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। वंदे भारत ट्रेन का नया रैक भोपाल पहुंच गया है। जल्द ही ट्रेन का इंदौर तक ट्रायल रन होगा। दोनों शहरों के बीच 71 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलेगी। ट्रेन के लोकार्पण से पहले 20 या 21 जून को ट्रेन का ट्रायल करने की तैयारी अफसरों ने की है। 16 कोच के रैक को आठ-आठ कोच में बांटकर भोपाल से इंदौर और भोपाल से जबलपुर के बीच चलाया जाएगा। ट्रेन दोनों शहरों के बीच सप्ताह में दो दिन चलेगी। कमलापति रेलवे स्टेशन से 27 जून को प्रधानमंत्री द्वारा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाएगी।

## देश के कई राज्यों में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली,21 जून 2023 (ए)।** अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव के बीच पेट्रोल और डीडल के दाम घटाए या बढ़ाए जाते हैं। कच्चे तेल की कीमतों में अंतराष्ट्रीय बाजार में आज गिरावट नजर आ रही है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.28 डॉलर गिरकर 70.50 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है, वहीं ब्रेंट क्रूड 0.21 डॉलर गिरकर 75.69 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। बिहार में पेट्रोल के दाम में 36 पैसे और डीजल में 33 पैसे की गिरावट है। इसी तरह उत्तरप्रदेश में भी पेट्रोल-डीजल के दाम गिरे हैं।




देश की तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के ताजा भाव जारी कर दिए हैं। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल 88 पैसे सस्ता होकर 95.07 रुपए और डीजल 78 पैसे गिरकर 84.38 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है। महाराष्ट्र में आज पेट्रोल की कीमत 55 पैसे गिरकर 106.62 रुपए प्रति लीटर पहुंच गई है, वहीं डीजल 53 पैसे लुढ़ककर 93.13 रुपए प्रति लीटर पर बिक रहा है।

छत्तीसगढ़ में पेट्रोल 50 और डीजल 49 पैसे सस्ता हुआ है। बिहार में पेट्रोल के दाम में 36 पैसे और डीजल में 33 पैसे की गिरावट है। इसी तरह उत्तरप्रदेश में भी पेट्रोल-डीजल के दाम गिरे हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में पेट्रोल 46 और डीजल 43 पैसे महंगा हुआ है। गुजरात, राजस्थान और पंजाब में पेट्रोल-डीजल के भाव में हल्का उछाल है।

देश के 4 महानगरों में दिल्ली में पेट्रोल 96.72 और डीजल 89.62, मुंबई में पेट्रोल 106.31 और डीजल 94.27, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 और डीजल 92.76, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर के भाव रहा है। इसी प्रकार नोएडा में पेट्रोल 96.65 और डीजल 89.82, गाजियाबाद में 96.44 और डीजल 89.62, लखनऊ में पेट्रोल 96.36 और डीजल 89.56, पटना में पेट्रोल 107.59 और डीजल 94.36, पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

सुबह 6 बजे हर दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है और नए भाव जारी किए जाते हैं। पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन, वैट और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसकी कीमत मूल भाव से लगभग दोगुना हो जाती है। यही कारण है कि पेट्रोल-डीजल हमें इतना महंगा खरीदना पड़ता है।



## योग को विश्वभर में मान्यता मिली है: गडकरी

**नागपुर (महाराष्ट्र),21 जून 2023 (ए)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों बधाई दी और कहा कि योग को पूरे विश्व में मान्यता मिली है. अपने गृह नगर नागपुर (महाराष्ट्र) में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में गडकरी ने लोगों को संबोधित किया. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत द्वारा प्रस्ताव पेश किए जाने और बड़ी संख्या में सदस्य देशों द्वारा इस पर सहमति जताने के बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी.

## पीएम मोदी,अमित शाह और नीतीश कुमार को मिली जान से मारने की धमकी

### दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड पर

**नई दिल्ली,21 जून 2023 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बुधवार को जाने से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी दिल्ली पुलिस को कॉल के जरिए मिली। पुलिस के मुताबिक, उनके पास धमकी भरे दो कॉल आए हैं जिसके बाद पुलिस ने फौरन फोन करने वाले का पता लगाने के लिए एक टीम गठित की है। दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है।




दिल्ली पुलिस के मुताबिक युवक की पहचान मादीपुर के रहने वाले संजय वर्मा के रूप में हुई। संजय ने शराब के नशे में कॉल किया था। दिल्ली पुलिस आरोपी की धर पकड़ के लिए रेड कर रही है।

डीसीपी/बाहरी, हरेंद्र सिंह ने बताया कि आज सुबह 10 बजकर 46 मिनट पर एक पीसीआर कॉल आई जिसमें फोन करने वाले ने 10 करोड़ रुपये नहीं देने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जान से मारने की धमकी दी। इसकी लोकेशन नांगलोई इलाके में मिली है। फिर सुबह 10:54 बजे, उसी कॉलर ने 2 करोड़ रुपये नहीं देने पर पीएम नरेंद्र मोदी और एचएम अमित शाह को जान से मारने की धमकी दी। सभी कॉल मोबाइल नंबर 09871493972 पर किए गए थे।

## सरकारी अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में कोबरा के 10 बच्चे मिलने से हड़कंप

» 8 मरीजों को दूसरे वार्ड में किया गया शिफ्ट

**तिरुवनंतपुरम,21 जून 2023 (ए)।** केरल के मलप्पुरम जिले के पेरिंथलमन्ना में सरकारी जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड और उसके आसपास 10 कोबरा सांप के बच्चे पाए गए। इसके बाद इस वार्ड को बंद कर दिया गया। तीन दिन के अंतराल में ये कोबरा के बच्चे मिले हैं। वार्ड के आठ मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया है।



सर्जिकल वार्ड का अहाता झाड़ियों से भरा हुआ है और वार्ड के फर्श की टाइलें भी टूटी हुई हैं। माना जाता है कि इन टाइलों से ही सांप रेंगते हुए आ जाते हैं। कुछ दिनों पहले एक 55 वर्षीय महिला, जो कन्नूर जिले में सरकारी अस्पताल के पे वार्ड के फर्श पर सो रही थी, को एक सांप ने काट लिया था।

## भारी विरोध के बाद केंद्र ने वापस लिया पशुधन परिवहन बिल 2023 का मसौदा

**नई दिल्ली,21 जून 2023 (ए)।** केंद्र की मोदी सरकार पशुधन उत्पाद एवं पशुधन परिवहन बिल 2023 को वापस ले लिया है। सरकार ने ड्राफ्ट को पब्लिक डोमेन में रखा था लेकिन इसके व्यापक विरोध के बाद अब इस ड्राफ्ट को वापस ले लिया गया। जरूरत के हिसाब से एक लाइवस्टॉक इम्पोर्टेशन एक्ट 1898 में बदलाव करते हुए लाइवस्टॉक प्रोडक्ट एण्ड लाइवस्टॉक इम्पोर्टेशन एण्ड एक्सपेटेशन बिल 2023 का ड्राफ्ट पब्लिक डोमेन डाला गया था।

ड्राफ्ट के वापस लेने के आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि परामर्श के दौरान, यह देखा गया कि प्रस्तावित मसौदे को समझने और आगे की टिप्पणी या सुझाव देने के लिए पर्याप्त समय की आवश्यकता है।

इसके अलावा, प्रस्तावित मसौदे पर पशु कल्याण और संबंधित पहलुओं के साथ संवेदनशीलता और भावनाओं को शामिल करते हुए चिंता व्यक्त करते हुए अभ्यावेदन किए गए हैं, और इसलिए, व्यापक परामर्श की आवश्यकता होगी।




आदेश में कहा गया है, उपर्युक्त विचारों को ध्यान में रखते हुए और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के साथ प्रस्तावित मसौदा विधेयक वापस लिया जाता है।

पशु अधिकार कार्यकर्ताओं, दक्षिणपंथी समूहों और जैन धर्मगुरुओं ने इस बिल पर कड़ी आपत्ति जताई थी, जिन्होंने अलग-अलग कारणों से इसे वापस लेने की मांग की थी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े भारतीय किसान संघ के सूत्रों ने कहा कि बिल आवारा पशुओं के खतरे के लिए रामबाण हो सकता है, लेकिन संगठन धार्मिक भावनाओं और सांस्कृतिक मान्यताओं को आहत नहीं होने देगा।

2022-23 में, भारत ने 5.11 मिलियन डॉलर के मूल्य के जीवित पशुओं का निर्यात किया, जिनमें से अधिकांश भेड़ और बकरियां थीं।

व्यापार सूत्रों ने कहा कि इनमें से ज्यादातर जानवर त्योहारों के दौरान पश्चिम एशियाई देशों को निर्यात किए जाते हैं।

## रीट पेपर लीक मामले में ईडी ने मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा को किया गिरफ्तार

### कोर्ट ने 7 दिन रिमांड पर भेजा

**जयपुर ,21 जून 2023 (ए)।** रीट-2021 पेपर लीक मामले में ईडी ने मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा को बुधवार को ईडी ने गिरफ्तार किया है। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने रामकृपाल को 27 जून तक ईडी की रिमांड पर भेजा है।



ईडी मनी लॉन्ड्रिंग के संबंध में पूछताछ कर रही है। इसके लिए दिल्ली के भी अफसरों के जयपुर में प्रवास करने की खबर है। सूत्रों की मानें तो ईडी के पास कुछ अहम दस्तावेज हैं, जिसके आधार पर रामकृपाल मीणा साथ शामिल लोगों से पूछताछ व कार्रवाई की जा सकती है। रामकृपाल से पूछताछ के दौरान ईडी को और भी कई तथ्य मिले हैं, जिसके आधार पर ईडी और भी लोगों से पूछताछ कर सकती है।

एसओजी की गिरफ्तारी के बाद राम कृपाल मीणा को कुछ दिन पहले ही ईडी ने पूछताछ के लिए ईडी मुख्यालय बुलाया था। यहां पर हुई पूछताछ के बाद ईडी को कई ऐसे साक्ष्य मिले जो मीणा के खिलाफ थे। इस आधार पर ईडी ने उसे गिरफ्तार किया।

रामकृपाल पर रीट का पेपर जयपुर शिक्षा संकुल से लीक करने का आरोप है। जांच में पता लगा कि उदाराम को रामकृपाल मीणा ने जयपुर में पेपर दिया था। परीक्षा से पहले रीट पेपर जयपुर में शिक्षा संकुल के स्ट्रॉन्ग रूम में रखा हुआ था। वहां से पेपर को रामकृपाल मीणा ने लीक किया था। रामकृपाल मीणा जयपुर में शिवशक्ति पब्लिक स्कूल चलाता है।

CMYK

## संपादकीय

# हर सिगरेट खतरनाक है

विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से जारी ताजा चेतावनी को सामयिक और सही दिशा में कहा जाएगा। संगठन ने कहा है कि ई-सिगरेट का सेवन भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक प्रमुख चिंता है।

समाज में यह गलत धारणा बनाई गई है कि ई-सिगरेट खतरनाक नहीं है। इस भ्रम के कारण कई लोग सिगरेट छोड़ने की कोशिश में इसे अपना लेते हैं। उधर नौजवान भी यह सोच कर इसकी लत पाल लेते हैं कि इसमें वह खतरा नहीं है, जो तंबाकू वाली सिगरेट में होता है। इसलिए इस सिलसिले में विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से जारी ताजा चेतावनी को सामयिक और सही दिशा में कहा जाएगा। संगठन ने कहा है कि ई-सिगरेट का सेवन भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक प्रमुख चिंता है। डब्लूएचओ के मुताबिक भारत में 15 से 30 साल की उम्र के करीब 61 फीसदी ऐसे युवा हैं, जिन्होंने ई-सिगरेट का इस्तेमाल नहीं किया है। लेकिन भविष्य में इसकी चपेट में आ सकते हैं। देश और विदेश में हुए एक अध्ययन ई-सिगरेट संबंधी खतरों पर रोशनी पड़ी है। डब्लूएचओ के अनुसार मस्तिष्क के विकास पर निकोटीन के प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों और उपकरणों में मौजूद अन्य रसायनों से संभावित खतरों के कारण नौजवान ई-सिगरेट की तरफ खिंच रहे हैं। यह अब एक प्रमुख चिंता बन गया है। खास कर भारत में देखा गया है कि युवा ई-सिगरेट के खतरों से लापरवाह होते जा रहे हैं।

स्पष्ट है, इन खतरों के बारे में जागरूकता लाने के लिए बड़े पैमाने पर मुहिम चलाने की जरूरत है। अध्ययन से सामने आया कि भारत में 51 प्रतिशत लोग, जिन्होंने पहले कभी ई-सिगरेट का इस्तेमाल नहीं किया है, वे इसके भविष्य में इस्तेमाल को लेकर उत्सुक हैं। 47 प्रतिशत भारतीयों ने ई-सिगरेट का विज्ञापन देखा है। अध्ययन में शामिल अधिकांश भारतीय पढ़े-लिखे और अमीर परिवारों से थे। इसलिए शोधकर्ताओं ने ई-सिगरेट के विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। भारत दनिया में तंबाकू के सबसे बड़े बाजारों में एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक लगभग 27 प्रतिशत भारतीय आबादी किसी न किसी रूप में तंबाकू का इस्तेमाल करती है। इन लोगों की इस लत को छुड़ाना एक बड़ी चुनौती है। लेकिन इस लत को छोड़ने को कोशिश में लोग दूसरी खतरनाक लत अपना लें, तो बात जस की तस रहेगी। इसलिए असल चुनौती हर प्रकार के सिगरेट के खतरों से समाज को अवगत कराने की है।

# मॉनसून,अल नीनो और खेती का संकट

देश में मौसम का मिजाज बिगड़ा है। पश्चिम के दो बड़े राज्यों गुजरात और राजस्थान में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय से तबाही मची है। इस तूफान के असर से राजधानी दिल्ली में भी बारिश हुई है और हरियाणा में भी असर दिखा है। तूफान के गुजरात में जकाऊ बंदरगाह से टकराने से पहले महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भी भारी बारिश हुई लेकिन उसके बाद वहां का मौसम सामान्य हो गया। दूसरी ओर देश के पूर्वी हिस्से में खास कर पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा में भीषण गर्मी पड़ रही है। लू चलने की वजह से बिहार और उत्तर प्रदेश में एक सौ के करीब लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती हुए। तीसरी परिघटना यह है कि पूर्वोत्तर में भारी बारिश हो रही है, जिससे असम से लेकर सिक्किम तक में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। देश के अलग अलग हिस्सों में मौसम का ऐसा अतिरेक क्यों देखने को मिल रहा है, यह समझना मुश्किल काम नहीं है। जलवायु परिवर्तन की वजह से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। इस बीच यह खबर आई है कि धरती का तापमान औद्योगिक युग से पहले के औसत से डेढ़ डिग्री ऊपर पहुंच गया है। यह एक मानक तय किया गया था और जलवायु परिवर्तन पर काम करने वाले वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी थी कि धरती का तापमान डेढ़ डिग्री के थ्रेसहोल्ड से ऊपर जाएगा तो धरती के बाशिंदों का जीवन मुश्किल होगा। वह मुश्किल शुरू हो गई है।

भारत में यह मुश्किल इस साल कुछ ज्यादा महसूस होने वाली है क्योंकि मॉनसून के आगमन की खबर के साथ ही यह भी खबर आई है कि यह साल अल नीनो का है। अल नीनो का दुनिया पर जो भी असर हो लेकिन भारत के लिए यह बहुत खराब होता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 65 साल में 14 बार अल नीनो का प्रभाव हुआ है, जिसमें नौ साल भारत में भयंकर सूखा पड़ा है। बाकी पांच मौकों पर भी कम बारिश हुई है। सो, अल नीनो का भारत के लिए मतलब सूखा होता है। अल नीनो को सरल शब्दों में समझें तो कह सकते हैं कि प्रशांत महासागर में जब समुद्र की सतह का तापमान बढ़ता है तो अल नीनो के हालात बनते हैं। इस साल जिस तरह मार्च-अप्रैल से गर्मी पड़नी शुरू हुई, उससे अल नीनो के आसार बन रहे थे। लेकिन इसकी पुष्टि जून के पहले हफ्ते में हुई।

आमतौर पर भारत में दक्षिण पश्चिम मॉनसून एक जून तक आ जाता है। लेकिन इस बार एक हफ्ते से ज्यादा की देरी के साथ आठ जून को मॉनसून केरल के तट पर पहुंचा। असल में अरब सागर के ऊपर एक साइक्लोनिक



सरकुलर बन गया था, जिसकी वजह से मॉनसून आगे नहीं बढ़ पा रहा था। आठ जून को केरल पहुंचने के बाद भी वह सामान्य गति से आगे नहीं बढ़ा। इसकी वजह से पूर्वी भारत के राज्यों में मॉनसून की बारिश का इंतजार लंबा हो गया और करोड़ों लोग भीषण गरमी की मार झेलने को मजबूर हुए। एक रिपोर्ट के मुताबिक जून का तीसरा हफ्ता शुरू होने तक दक्षिण पश्चिम मॉनसून से जितनी बारिश होनी चाहिए थी उससे 37.2 फीसदी कम बारिश हुई है। इसका साफ मतलब है कि अल नीनो का असर दिखना शुरू हो गया है। देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो रही है।

मॉनसून की बारिश कम होने का दो असर भारत के ऊपर होता है। पहला तो खेती प्रभावित होती है क्योंकि भारत में मोटे तौर पर खेती दक्षिण पश्चिम मॉनसून पर निर्भर है। देश में 50 फीसदी खेती मॉनसून की बारिश से होती है। कम बारिश होने का सीधा असर खरीफ की पैदावार पर होता है। खरीफ में भी धान सबसे मुख्य फसल है, जिसकी खेती में बहुत ज्यादा पानी की जरूरत होती है। इसके लिए या तो मॉनसून की बारिश पर निर्भरता है या भूजल के पानी पर। भारत में खेती के लिए जमीन के अंदर से इतना पानी खींचा गया है कि कई राज्यों में जमीन बंजर होती जा रही है। भारत में कम पानी के जरिए धान की खेती को नहीं अपनाया गया है। वह एक अलग बहस का विषय है। लेकिन देर से बारिश होने और कम बारिश होने का असर धान की खेती पर होगा। सरकार को इसका अंदाजा है तभी चावल के भंडारण को लेकर नए नियमों की घोषणा की गई है। सरकार को अंदाजा है कि इस साल धान की पैदावार कम हो सकती है। ध्यान रहे भारत की जीडीपी में भले कृषि का हिस्सा 20 फीसदी का है, लेकिन कृषि पर निर्भर आबादी 60 फीसदी के करीब है। इसलिए खेती प्रभावित होने का असर ज्यादा बड़ी आबादी पर होता है। इससे खाने पीने की चीजों की महंगाई भी बढ़ती है, जिसका असर परोक्ष रूप से ही सही लेकिन नौकरीपेशा मध्य वर्ग भी महसूस करता है।

मॉनसून की बारिश कम होने का दूसरा असर पीने के पानी पर महसूस होता है। देश के कई हिस्सों में अभी से सूखे के हालात बन गए हैं। तालाब और नदियां सूख गए हैं। उनका जलस्तर बहुत नीचे चला गया है। पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में बुंदेलखंड इलाके से लेकर महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक जैसे कई राज्यों में पानी की कमी होने लगी है। जल संरक्षण के कई उपायों का प्रचार होने के बावजूद भारत में पीने से लेकर रोमजर्रा के कामकाज तक के लिए पानी की जरूरत मॉनसून में हुई बारिश के पानी से ही पूरी हो पाती है। अगर मॉनसून की बारिश कम होती है तो गांवों और छोटे कस्बों से लेकर महानगरों तक में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी।

अल नीनो की पुष्टि, मॉनसून की देरी और मॉनसून के धीमी रफ्तार से आगे बढ़ने के बावजूद कुछ कारणों से भारत की उम्मीद कायम है। एक कारण तो यह है कि हिमालय के क्षेत्र में अच्छी बर्फबारी हुई है। सो, अगर प्रशांत महासागर की ओर से आने वाली हवा मॉनसून को रोकेगी तो हिंद महासागर से आने वाली हवा इसको आगे बढ़ने में मदद कर सकती है। उम्मीद का दूसरा कारण यह है कि भारत में 75 फीसदी बारिश जुलाई से अक्टूबर के बीच होती है। सो, अगर जून में मॉनसून की रफ्तार कुछ कम रहती है या कम बारिश होती है तो उसकी भरपाई जुलाई और उसके बाद के महीनों में हो सकती है।

**अजीत द्विवेदी**

# बच्चों ने संस्कार प्रभा के मंच पर पिता से की अपने मन की बात

अंतर्राष्ट्रीय पितृ दिवस के उपलक्ष्य में संस्कार प्रभा के बच्चों ने प्रभा श्री वेब वार्ता में अपने अपने पिता के प्रति अपने हृदय के उदगार व्यक्त किये । संस्कार प्रभा बच्चों में अच्छे आचार विचार व्यवहार संस्कार रोपित करने का कार्य विगत 18 वर्षों से निरंतर करती आ रही है । संस्था की अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती ने बताया कि विशेषकर आज के समय में यह एक बड़ी ज़रुरत है कि हम अपनी नव पीढ़ी तक अपने संस्कार प्रेषित करें तथा इसी दिशा में यह मंच आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने पिता की विशेषताओं को वर्णित किया तथा किन बातों से वे विशेषतः प्रभावित हैं, यह भी बताया प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) की निदेशक साहित्यकार प्रियंका अग्निहोत्री गीत ने बताया कि प्रभा श्री सतत इस प्रकार के प्रयासों के लिए कटिबद्ध है, तथा भविष्य में भी इस



प्रकार के प्रकल्प करने के लिए संकल्पित है । इस वेब वार्ता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के नाम हैं आइरा ज़ैद (दुबई), इनाया फ़ातमा (दुबई), दुहित गौर (हरदा), अक्षिति दुबे (हरदा), भूमींद्र ठयास (चित्तौड़गढ़), अवंतिका (बनारस), रोहकाश (बनारस) संस्था ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सम्मान पत्र प्रदान किये तथा प्रियंका अग्निहोत्री गीत ने सबका धन्यवाद् ज्ञापन किया।



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

# बिखरते कुनबे से कमजोर होता एनडीए

कहने को तो केंद्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार चल रही है। मगर सरकार में शामिल दलों की सूची देखें तो एनडीए के नाम पर इक्का-दुक्का छोटे दलों को छोड़कर कोई भी बड़ी पार्टी केंद्र सरकार में शामिल नहीं है। कभी देश के अधिकांश बड़े दल एनडीए का हिस्सा होते थे। मगर आज स्थिति उसके उलट हो गई है। अब एनडीए नाम मात्र का रह गया है।

1998 में कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस विरोधी राजनीतिक दलों को एक छतरी के नीचे लाने के लिए अटल बिहारी बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का गठन किया था। जॉर्ज फर्नांडिस को इसका संयोजक बनाया गया था। 1998 के लोकसभा चुनाव से पूर्व गठित एनडीए में शामिल 16 दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा और केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बना ली थी। जो मात्र एक साल बाद ही अन्नाद्रमुक के समर्थन वापस लेने से गिर गई थी। 1999 में फिर अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी जो 2004 तक चली थी। गठन के समय एनडीए में छोटे-बड़े कुल 16 राजनीतिक दल शामिल थे। 1999 के चुनाव में 21 दल, 2004 में 12 दल, 2009 में 8 दल, 2014 में 23 दल व 2019 में 20 राजनीतिक दल एनडीए में शामिल होकर एक साथ चुनाव लड़े थे।

मगर अब एनडीए की स्थिति बहुत कमजोर हो गई है। एनडीए में शामिल अधिकांश बड़े राजनीतिक दल भाजपा से गठबंधन तोड़ कर अलग हो गए हैं। वर्तमान समय में एनडीए में छोटे बड़े मिलाकर कुल 13 राजनीतिक पार्टियां शामिल हैं। जिस में भी बहुत सी पार्टियां नाम मात्र की ही है। एनडीए के कुनबे की बात करें तो इसमें भाजपा के अलावा अपना दल (सोनेलाल), ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन, नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी, मिजो नेशनल फ्रंट, नागा पीपुल्स फ्रंट, लोक जनशक्ति पार्टी, शिवसेन (शिंदे), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस, अन्नाद्रमुक, पीएमके, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) जैसी पार्टियां शामिल है।

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद शिरोमणि अकाली दल, जनता दल (यूनाइटेड), शिवसेना, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी जैसे कई दलों ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है। एनडीए छोड़ने वाले सभी दलों ने भाजपा नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी करता है। एनडीए गठबंधन नाम मात्र का रह गया है। सारे फैसले भाजपा नेतृत्व ही करता है। 2019 में शिवसेना ने एनडीए में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। मगर बाद में राज्य विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के पद को लेकर विवाद होने के बाद शिवसेना ने एनडीए छोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस के साथ मिलकर महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी बनाकर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार बना ली। हालांकि भाजपा ने शिवसेना में ही फूट डलवा कर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनवा दिया। इसी तरह बिहार में मुकेश साहनी की वीआईपी पार्टी के



तीनों विधायकों को तोड़कर भाजपा में विलय करा लिया। उत्तर प्रदेश में भी ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एनडीए से बाहर निकल गई थी।

कभी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की द्रुमक, उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजू जनता दल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, तेलुगू देशम पार्टी, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की जनता दल (सेकुलर), तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की तेलंगाना राष्ट्र समिति, बिहार में उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, हरियाणा जनहित कांग्रेस, तमिलनाडु की डीएमडीके, पीएमके, महाराष्ट्र का स्वाभिमानी पक्ष, बिहार में जीतन राम मांझी की हम पार्टी एनडीए का हिस्सा थी। आज ये सभी पार्टियां भाजपा से दूर जा चुकी है। शिरोमणि अकाली दल और राजस्थान की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी तो किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों से खफा होकर एनडीए को छोड़ा था। शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरन कौर ने केंद्रीय मंत्री का पद भी छोड़ दिया था। उसके बाद पंजाब में हुए विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा व शिरोमणि अकाली दल ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। 2019 में राजस्थान की नागौर सीट हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को देकर भाजपा ने उससे समझौता किया था। मगर अब हनुमान बेनीवाल भी अपनी एकला चलो की नीति पर काम कर रहे हैं। वह राजस्थान में खुलकर भाजपा के खिलाफ बोल रहे हैं और भाजपा को उखाड़ने में लगे हैं। वर्तमान में देश के दस प्रदेशों में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं व 5 प्रदेशों में भाजपा नीत गठबंधन के मुख्यमंत्री शासन कर रहे हैं। वही देश के चार प्रदेशों में कांग्रेस व 3 प्रदेशों में कांग्रेस यूपीए गठबंधन के मुख्यमंत्री शासन कर रहे हैं।

अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, गोवा, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं। वही सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के प्रेम सिंह तमांग, नागालैंड में नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के नेफ्यू रियो, मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी के कानराड संगमा, महाराष्ट्र में शिवसेना (शिंदे) गुट के एकनाथ शिंदे, पुडुचेरी में अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस के एन रंगास्वामी मुख्यमंत्री है।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में बहुमत नहीं मिलने पर वहां जननायक जनता पार्टी के दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री तथा कुछ निर्दलीय विधायकों को मंत्री बनाया गया था। उत्तर प्रदेश में अपना दल व निषाद पार्टी के विधायक भी मंत्रिमंडल में शामिल है। असम में असम गण परिषद व यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल सरकार में शामिल है। गोवा में भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिला था इस कारण वहां महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी व निर्दलीयों के सहारे से भाजपा की सरकार चल रही है। त्रिपुरा में इंडिजिनियस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा का एकमात्र विधायक शुक्ला चरण नोएतिया भी सरकार में शामिल है।

कभी कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, बालासाहेब ठाकरे, जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव, नवीन पटनायक, चंद्रबाबू नायडू, जे जयललिता, प्रकाश सिंह बादल, शिबू सोरेन, ममता बनर्जी, प्रमोद महाजन जैसे दिग्गज नेताओं ने एनडीए का गठन किया था। उनका यह प्रयोग सार्थक भी साबित हुआ था। गठन के कुछ समय बाद ही एनडीए की केंद्र में सरकार भी बन गयी थी। बाद में एनडीए की सरकार को हटाने के लिए ही कांग्रेस ने यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायंस (यूपीए) का गठन किया था। कांग्रेस के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने दस वर्षों तक यूपीए एक और यूपीए दो कि सरकार चलायी थी।भाजपा जैसे-जैसे मजबूत हो रही है वैसे वैसे ही एनडीए गठबंधन कमजोर होता जा रहा है। भाजपा अपने अधिकांश पुराने साथियों की एनडीए से विदाई कर चुकी हैं। मगर 2024 के लोकसभा चुनाव में संघर्ष कड़ा होता देख भाजपा को फिर से एनडीए के साथियों की याद आने लगी है। इसीलिये भाजपा फिर अपने पुराने साथियों को एनडीए में लाने का प्रयास कर रही है। लेकिन भाजपा की फितरत से वाफिक दल शायद ही फिर एनडीए में लौटे। फिलहाल तो ऐसा ही लग रहा है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

# योग रखे निरोग

संसार में सब प्रकार का वैभव, सुख-सुविधा, ऐश्वर्य सब कुछ है लेकिन यदि अपना मन सुखी नहीं है तो आप सुखी नहीं हो सकते! पर क्या आपने सोचा है कि मन का सबसे बड़ा दुख क्या है, यही कि हम अपने भीतर एक अपूर्णता, अधूरापन अनुभव करते हैं और उस अधूरेपन को भरने के लिए बाहर के व्यक्ति, वस्तु, संबंध, सत्ता, संपत्ति, ऐश्वर्य को खोजते हैं जिसके प्रति एक अविवेकपूर्ण तृष्णा जागृत हो जाती है और इसमें व्यक्ति पागल हो करके न जाने कितने अनर्थ करता है। इसलिए योग में कहते है मैं स्वयं में पुर्ण हूं, सृष्टि भी अपनी पूर्णता, दिव्यता में प्रतिष्ठित है, यही है योग का सिद्धांत।

योग को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है। इसे प्राणायान, योगा, योग भी कहते हैं। योग एक संस्कृत शब्द है जो युज से आया है, जिसका अर्थ है इकट्ठा होना, बांधना। सामान्य भाव में योग का अर्थ है जुड़ना। यानी दो तत्वों का मिलन योग कहलाता है। योग की पूर्णता इसी में है कि जीव भाव में पड़ा मनुष्य परमात्मा से जुड़कर अपने निजी आत्म स्वरूप में स्थापित हो जाए। योग में आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से हम मन, श्वास और शरीर के विभिन्न अंगों में सामंजस्य बनाना सीखते है। जिससे तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में सहायता मिलती है। इससे शरीर मे लचीलापन, रोगप्रतिरोधक क्षमता, मन और आत्मा में नियंत्रण व आत्मविश्वास विकसित होता है।

योग का सबसे पहले उल्लेख ऋग्वेद में किया गया है, जो पांचवीं या छठी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास शुरू हुआ था । भारतीय प्राचीन ग्रंथों ङ्क भागवत गीता, उपनिषद, योग वशिष्ठ, हठ योग प्रदीपिका, गेरांडा संहिता, शिव संहिता, पुराण आदि में भी इसका जिक्र किया है। योग का जनक 'पतंजलि' को माना जाता है, क्योंकि उन्होने योग सूत्रों के माध्यम से इसे और अधिक सुलभ बनाया। इसके अलावा उन्होंने योग के जरिए लोगों को ठीक प्रकार से जीवन जीने की प्रेरणा दी थी।

आजकल के व्यवहारिक क्रियाकलापों में योग सिर्फ आसनों तक ही सीमित रह गया है। लेकिन वास्तव में यह योग सिर्फ़ आसनो तक सीमित नहीं है बल्कि इससे कई अधिक है। इससे केवल शारिरिक नहीं अपितु मानसिक और आध्यात्मिक शांति भी प्राप्त होती है। करीब 5,000 साल पहले तक योग का विकास सभी चरणों पर किया गया ङ्क जिसमे शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप शामिल थे। इसीलिए योग के प्रमुखतः चार प्रकार माने गए है;




### राज योग

राज का अर्थ शाही होता है और योग की इस शाखा का सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण अंग है ध्यान। इस योग के आठ अंग है, जिस कारण से पतंजलि ने इसका नाम रखा है अष्टांग योग। यह आठ योग इस प्रकार है, यम (शपथ लेना), नियम (आत्म अनुशासन), आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारण (एकाग्रता), ध्यान (मेडिटेशन) और समाधि (अंतिम मुक्ति)।

### कर्म योग

अगली शाखा कर्म योग या सेवा का मार्ग है और हम में से कोई भी इस मार्ग से नहीं बच सकता है। इस बारे में जागरूक होने से हम भविष्य को अच्छा वर्तमान बनाने का एक रास्ता बना सकते है, जो हमें नकारात्मकता और स्वार्थ से बाध्य होने से मुक्त करना है।

### भक्ति योग

भक्ति योग भक्ति के मार्ग का वर्णन करता है। सभी के लिए सृष्टि में परमात्मा को देखकर, भक्ति योग भावनाओं को नियंत्रित करने का एक सकारात्मक तरीक़ा है।

### ज्ञान योग

अगर हम भक्ति को मन का योग मानते है, तो ज्ञान योग बुद्धि का योग है, ऋषि या विद्वान का मार्ग है। इस पथ पर चलने के लिए योग के ग्रंथो के अध्ययन के माध्यम से बुद्धि के विकास की आवश्यकता होती है।

आधुनिक युग में लोग अपनी भाग-दौड़ भरी जिंदगी में योग के महत्व को भूलते जा रहे। कुछ एक लोग जो स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता रखते है वे भी जिम जाना पसंद करते है। लेकिन योग करने के अपने ही कई फायदे हैं। जहां सिर्फ जिम करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं योग हमारे शरीर के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ बनाता है। योग करने से इससे भी अधिक फायदे होते है जैसे- तनाव से मुक्त जीवन, मानसिक शक्ति का विकास, प्रकृति के विपरीत जीवन शैली में सुधार आना, निरोग काया, रचनात्मकता का विकास, मानसिक शांति प्राप्त होना, सहनशीलता में वृद्धि, नशा मुक्त जीवन, वृहद सोच, उत्तम शारीरिक क्षमता का विकास आदि।

योग के इन्ही लाभों को ही जन-जन तक पहुँचाने के लिए व लोगों को जागरुक करने के लिए बाबा रामदेव के किए गए प्रयासों द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2015 में 21 जून की तिथि को योग दिवस के रूप में मनाया जाना घोषित कर दिया। 21 जून का दिन ही इसलिए चुना गया क्योंकि यह उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। 2015 के बाद से सिर्फ भारत मे ही नही बल्कि दुनिया के अन्य हिस्सों में भी इसका विशेष महत्व है। इससे होने वाले फायदों को सभी ने स्वीकारा है। श्री नरेंद्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट महासभा में कहा था, ÷योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है; मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है; विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। यह व्यायाम के बारे में नहीं है, लेकिन अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में है। हमारी बदलती जीवन- शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। तो आयें एक अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को गोद लेने की दिशा में काम करते हैं।

इस वर्ष भी योग महोत्सव-2023 का आयोजन योग के विभिन्न आयामों एवं उसकी उपयोगिता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए किया गया है। योग महोत्सव का उद्देश्य संपूर्ण विश्व में स्वास्थ्य तथा कल्याण एवं शांति को बढ़ावा देने के लिए एक जन आंदोलन को प्रोत्साहित करना है और इसके लिए आयुष मंत्रालय द्वारा संपूर्ण देश में 100 दिनों, 100 शहरों तथा 100 संगठनों के क्रियाकलापों का प्रारंभ किया गया। इसमें प्रख्यात योग गुरुओं, आयुष के विशेषज्ञों, प्रतिनिधियों एवं योग के प्रति उत्साही व्यक्तियों सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की शुभ उपस्थिति तथा प्रवचनों के साक्षी बन रहे हैं। तो आइए हम सब भी इसके साक्षी बने और जीवन मे योग को अपनाए।



**सोनल मंजू श्री ओमर**
राजकोट,गुजरात

## आज योग,कल अयोग्य

भर-भर स्याही कलम चलाने वाले
आज सभी उपदेश योग पर दे जाएंगे।।
कल ये देर तक बिस्तर में पाए जाएंगे।।
विडियो साझा कर योग का रुतबा जमाएंगे
कल ये ही योग को
अयोग्य कर पाए जाएंगे।।
सुनो ये कुछ नया नहीं देश मे मेरे यारों
देखा देखी कर नकल सभी कर जाएंगे।।
कुछ कर विशेष दिन
वाहवाही लूटने वाले ये
दूजे विशेष दिन के
इंतजार मे नज़र आएंगे।।
आया दूजा जो कोई विशेष दिन
करीब तो ये
दो-तीन दिन पूर्व,
उत्साह मिल मंच पर जताएंगे।।
बीत गया जब कोई विशेष दिन भूल उसको
साधारण अवस्था मे आ आराम फरमाएंगे।।
इनसे बड़ा कोई ज्ञानी
महारथी नहीं कोई भी
कलम का जादू बिखेर
लिख ऐसा जताएंगे।।
अरे इंसानी फितरत है
ये कोई नई बात नहीं
सम्मान पत्र की चाह
मे योग विडियो बनाएंगे।।
पटलों पर कर साझा
खुद को महान बताएंगे।।
वीना की बात में दम है यारों पढ़
यही सोच मन ही मन मुस्कुराएंगे।।
भर-भर स्याही कलम चलाने वाले
आज सभी उपदेश
योग पर दे जाएंगे।।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर, महाराष्ट्र

## तुझ संग ...

क्या कहना...क्या सुनना...
क्या करना हैं ।
तुझ संग जीना,और
तुझ संग मरना हैं ।
सावन में....जेठ में....
शिशिर में ...क्या करना हैं ।
तुझ संग जीना,और
तुझ संग मरना हैं ।
दिन में...रात में. ...
संध्याकाल में...क्या करना हैं ।
तुझ संग जीना,और
तुझ संग मरना हैं ।
बाग में...उजाड़ में...
श्मशान में....क्या करना हैं ।
तुझ संग जीना,और
तुझ संग मरना हैं ।
यौवन में...जरा में. ..
अंतिम साँस में....क्या करना हैं ।
तुझ संग जीना,और
तुझ संग मरना हैं ।



**गरिमा राकेश गौतम**
गर्विता
कोटा, राजस्थान

## नियमित योग करेंगे हम

योग का संकल्प करेंगे हम,
तन मन को स्वस्थ रखेंगे हम,
ईश वंदना करेंगे सुबह -सुबह,
मन में नयी उर्जा भरेंगे हम।
नियमित योग करेंगे हम,
नित्य प्राणायाम करेंगे हम,
ध्यान से होगा नव विकास,
मन में नयी चेतना भरेंगे हम।
आलस का त्याग करेंगे हम,
मन में उल्लास भरेंगे हम,
जगायेंगे दिव्य चेतना शक्ति ,
अब सदा निरोगी रहेंगे हम।



**संगीता पाठक**
धमतरी
छतीसगढ़

## कल की यादें

प्यार मोहब्बत रिश्ते व नाते
हो चुकी ये सब कल की बातें
दौलत ने क्या रंग है जमाया
अपने रंग में सब को नहलाया
कल तक मर्यादा का था नाम
आज मर्यादा हो गया गुमनाम
अपराधी का बन गया है धाम
जन जन करते हैं इन्हें प्रणाम
इज्जत आबरू जग है भूला
आधुनिकता जब से रग घोला
शराफत की लुट गई है दुकान
नई जमाने की हँसीन हुई शाम
घर घर सज गया है मदिरालय
लुप्त हो गया ग्रंथ का पुस्तकालय
बीवी बच्चे टकराते हैं अब जाम
कितना बेहाया है ये जग बदनाम
बेटा बाप को है आँख दिखलाता
बीवी संग अब क्लव सब जाता
माँ पिता का आश्रय गये काम
नयी जमाने की नई है पयाम



**उदय किशोर साह**
जयपुर
बाँका बिहार

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# बंजारी,लक्ष्मीपुर के लोगों ने कहा हम लोगों को निगम से हटाकर ग्रामीण क्षेत्र में ही कर दिया जाए शामिल

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,21 जून 2023 (घटती-घटना)।** करीब दस वर्ष पूर्व कुछ ग्रामीण पंचायत को अर्बन रूरल के तहत नगर निगम में शामिल किया गया था। ताकि इन ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो सके। पर इस क्षेत्र के लोग ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इनकी स्थिति ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर होती जा रही है। बुधवार को बंजारी, लक्ष्मीपुर सहित अन्य वार्ड के लोगों ने नगर निगम पहुंचकर महापौर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि हमलोगों को पूर्व की तरह ग्रामीण क्षेत्र में ही कर दिया जाएगा। निगम क्षेत्र में केवल नाम के लिए शामिल किया गया है। निगम क्षेत्र में शामिल हुए करीब 10 वर्ष होने के बाद भी पीने के पानी सहित अन्य मूलभूत समस्याओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

गौरतलब है कि अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र के बंजारी, लक्ष्मीपुर सहित अन्य वार्ड मूलभूत सुविधाओं



से जूझ रहे हैं। तकरीबन दस वर्ष पूर्व इन क्षेत्रों को पंचायत से हटाकर अर्बन रूरल के तहत नगर निगम क्षेत्र में शामिल किया गया था। नगरर निगम क्षेत्र में शामिल किए जाने से इन क्षेत्र के लोगों को विकास की उम्मीद जगी थी। लेकिन दस वर्ष गुजर जाने के बाद भी मूलभूत समस्या से इस क्षेत्र के लोग वंचित हैं। वार्डवासियों ने मूलभूत समस्याओं को लेकर महापौर को अवगत कराया है। लेकिन इनकी समस्या दूर नहीं की जा रही है। समस्याओं से जुझ रहे वार्डवासियों ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नगर निगम क्षेत्र में नहीं रहने की बात कही। वार्डवासियों का कहना है कि हमें पूर्व की तरह पंचायत में ही डाल दिया जाए। निगम क्षेत्र में केवल नाम के लिए शामिल किया गया है। हमलोगों को पंचायत से भी खराब स्थिति है। वहीं महापौर ने कहा कि कई काम इन 10 सालों में वार्ड वासियों के लिए करवाया गया है और जो भी काम नहीं हुआ है उसे आने वाले समय में पूरा करने की बात कही है।




# सड़क दुर्घटना में बस एजेंट की मौत

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,21 जून 2023 (घटती-घटना)।.** शहर के बिलासपुर चौक के पास बस एजेंट सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रामश्रय तिवारी पिता दरोगा तिवारी उम्र 38 वर्ष लखनपुर का रहने वाला था। वह लखनपुर बस स्टैंड में बस एजेंटी का काम करता था। मंगलवार को किसी काम से वह अंबिकापुर आया था। बिलासपुर चौक के पास वह सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना कैसे हुई परिजन को इसकी जानकारी नहीं है।

# जमीन बिचौलियों की प्रताड़ना से वन विभाग के दारोगा की बिगड़ी तबियत

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,21 जून 2023 (घटती-घटना)।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय व आदिवासियों के जमीनों पर बिचौलियों की नजर है। बिचौलिए लोगों को डरा धमका कर अधिकारियों से मिली भगत कर कई जमीन अपने नाम करवा ले रहे हैं। ऐसा ही एक मामला शहर से लगे खैरबार में सामने आया है। बिचौलियों की धमकी से वन विभाग का दारोगा सदमे में है। उसकी तबियत खराब हो गई है। उसका इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पतल में चल रहा है। बिचौलियों की प्रताडऩा से वन विभाग का दारोगा जीवन और मौत से जुझ रहा है।

जानकारी के अनुसार छोटेलाल पंडो वन विभाग में संभागीय उडऩदस्ता



दल में एएसआई के पद पर पदस्थ है। विभाग द्वारा इसे रहने के लिए खैरबार में शासकीय क्वाटर दिया गया है। शासकीय क्वाटर में छोटेलाल परिवार के साथ रहता है। क्वाटर के आस पास वन विभाग की काफी जमीन है। इस जमीन पर बिचौलियों की नजर है। कुछ दिन पूर्व चार से पांच लोग छोटेलाल से संपर्क किया था और कहा था कि क्वॉटर के पास खाली जमीन पर कब्जा कराने की बात कही थी। बिचौलियों की इस प्रस्ताव को वह इंकार कर दिया। इसके बाद बिचौलियों ने खैरबार के ही एक व्यक्ति से वन विभाग के दारोगा छोटेलाल के खिलाफ वन भूमि पर कब्जा कराने की शिकायत विभाग में करा दी है। छोटेलाल की पत्नी विमला पांडेय का कहना है कि बिचौलिए अनावश्यक मेरे पति के खिलाफ शिकायत कराकर प्रताड़ित कर रहे हैं। प्रताडऩा से परेशान मेरे पति की तबियत खराब हो गई है। वह पिछले तीन दिनों से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हैं। वह पूर्व में भी शुगर के बीमारी से ग्रसित हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम एवं पारसनाथ राजवाड़े ने किया योग

» **सभी रोज करें योग...भगाये रोग...शिक्षा मंत्री**

» **योग से तन और मन स्वस्थ रहता है...संसदीय सचिव**

-संवाददाता-

**सूरजपुर, 21 जून 2023 (घटती-घटना)।** जिले में नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज एक विश्व एक स्वास्थ्य एवं हर घर आंगन योग थीम पर जिले में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। जिला मुख्यालय बॉयज स्टेडियम स्कूल ग्राउण्ड में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य के स्कूल शिक्षा, जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य तथा संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलन कर एवं छत्तीसगढ़ राज्य गीत गायन कर योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सबने आधे घंटे योग किया, कितना अच्छा लगा सभी रिलैक्स हो गये है। इसी प्रकार हमें प्रतिदिन योग



करना चाहिए। इसे अपने दिनचर्या में शामिल करें, सभी रोज करें योग, भगाये रोग। सभी प्रकार के योग यथाशक्ति करने का प्रयास करें। ताडासन विकसीत बच्चों के लिए आवश्यक है इससे बच्चों उंचाई बढ़ती है। खाने के बाद भद्रासन करना चाहिए। इससे खाना पचने में सहायक होता है। उन्होंने सुबह एवं शाम के समय को योग करने के लिए अच्छा समय बताया। भागदौड़ बने जीवन शैली में थोड़ा समय योग के लिए अवश्य निकाले।

संसदीय सचिव ने भी सभी को योग दिवस पर बधाई दी तथा उन्होंने बताया कि निरंतर योग करने से हम शारीरिक एवं मानसिक संतुलन अच्छा रहता है। योग से तन और मन स्वस्थ रहता है। मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है, इससे बीमारियां भी दूर होती हैं। सभी लोग दैनिक जीवन में योग को अपनायें।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती भगवती राजवाड़े, पार्षद श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसेला, वनमण्डलाधिकारी संजय यादव, जिला सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, एसडीएम रवि सिंह, डिप्टी कलेक्टर आकांक्षा त्रिपाठी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चों सहित बड़ी संख्या में आमजनों ने योगाभ्यास किया। योग प्रषिक्षक राजेन्द्र प्रसाद पाठक, रूदेश्वर प्रसाद बिसेन ने योग के महत्व को बताया तथा योग को नियमित रूप से अपने जीवन मे शामिल करने प्रेरित किया। उन्होंने सर्व प्रथम शरीर शिथली करण करने के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने ताड़ासन,अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, ब्रजासन, पवन मुक्तासन, भुजंगासन, सलभासन, सेतुबंधासन, श्वासन, कपाल भारती, अनुलोम-विलोम, शीतला प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया।

योगाभ्यास समाप्त होने पर शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने योग सत्र का समापन इस संकल्प के साथ कराया, हमें अपने मन को हमेशा संतुलित रखना है, इससे ही हमारा आत्म विकास समाया है, मैं स्वयं के प्रति, कुटुंब के प्रति, कार्य, समाज और विश्व के प्रति, शांति, आनंद और स्वास्थ्य के प्रचार के लिए प्रतिबद्ध हूँ।

### विभिन्न विकास खण्डों में किया गया योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिले में सभी विकासखण्ड ओड़गी, रामानुजनगर, प्रतापपुर, प्रेमनगर, भैयाथान एवं नगर पालिका परिषद एवं ग्राम पंचायतों में भी ससामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# जल संरक्षित करने रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की योजना कागजों मेंः मधुसुदन

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,21 जून 2023 (घटती-घटना)।** भू-जल स्तर बढ़ाने हेतु वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) के संबंध में भाजपा पार्षद मधुसुदन शुक्ला ने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि शहर के भूमिगत जल स्तर में लगातार गिरावट हो रही है। नगर पालिक निगम अम्बिकापुर द्वारा भवन अनुज्ञा देते समय वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण हेतु अमानत राशि जमा कराई जाती है। यदि भवन निर्माण करने वाले व्यक्ति द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण नहीं किया जाता है, तो नगर निगम के द्वारा जमा अमानत राशि से उनके भवन में वाटर हार्वेस्टिंग के निर्माण कर सकती है। नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा देने के पश्चात् भवन



निर्माण अधिकारी को यह देखना चाहिए कि संबंधित व्यक्ति द्वारा भवन में वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जा रहा है कि नहीं। शहर में वर्षा का जल संरक्षित करने रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की योजना कागजों तक सीमित रह गई है। उन्होंने निगम आयुक्त से आग्रह किया है कि 150 वर्ग मीटर से कम भू-खण्ड पर निर्मित मकान पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने का प्रावधान किया जाये, कालोनाईजर द्वारा निर्मित सभी कॉलोनियों में भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने का प्रावधान करते हुए इसके लिए कठोर कानून बनाया जाए, शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फिजियों मीटर लगाया जाए, जिससे वाटर लेबल की जानकारी समय-समय पर मिल सके।

# कस्बे में जलभराव की स्थिति न उत्पन हो,मामले पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया



-संवाददाता-

**कुसमी ,21 जून 2023 (घटती-घटना)।** आम आदमी पार्टी के लोगो ने बारिश में जिले के शहरो की सड़कों में जलभराव की स्थिति न बने इसे लेकर कलेक्टर के नाम का ज्ञापन कुसमी एसडीएम कार्यालय को सौप कर मांग रखी है की बारिश से पुर्व जिले के शहरो की नाले व नालियों की साफ सफाई की जाएं ताकि शहरो की सड़क में जल भराव न हो ,वही आम आदमी पार्टी के लोगो ने ज्ञापन में यह उल्लेख किया है की जल जीवन मिशन के तहत जो सड़क में गढ्ढे खोदकर पाइप लाइन बिछाई गई है लेकिन कई सड़को को फिर से बनाया नहीं गया जिससे आम जन मानस को परेशानी उठानी पड़ती है,आम आदमी पार्टी के लोगो ने ज्ञापन के जरिए प्रशासन से निवेदन किया है की उनकी मांगों पर जल्द से जल्द कार्यवाही हो ताकि बारिश में शहरो में रहने वाले आम जनता को परेशानी न उठानी पड़े।ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में सकील अंसारी,रूबेन लकड़ा, कादरी रजा,सलीम अंसारी,मो. फिरदौस, इरसाद आलम सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# ग्रामीण को हाथियों ने कुचला,हुई मौत

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,21 जून 2023 (घटती-घटना)।** शहर से लगे ग्राम परसा में बुधवार की अलसुबह 3 हाथियों के दल ने एक ग्रामीण युवक को कुचलकर मार डाला। दरअसल युवक अपने खेत में सब्जियां तोडऩे जा रहा था, इसी दौरान उसका हाथियों से सामना हो गया। सूचना मिलते ही वन विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया।



शहर से लगे ग्राम परसा निवासी देवनारायण पैंकरा पिता गोंदल 40 वर्ष बुधवार की अलसुबह करीब 4 बजे घर से 2-3 किमी दूर बेजानकोना स्थित खेत में भिंडी तोडऩे जा रहा था। इसी दौरान अंधेरे में उसे कुछ दिखाई नहीं दिया और वह हाथियों के सामने पहुंच गया। यह देख उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन हाथी ने दौड़ा उसे सूंड में लपेटा और पटककर पैरों से कुचलकर उसकी जान ले ली। कुछ देर बाद जब ग्राम पंचायत परसा का सरपंच गांझा उस ओर से गुजरा तो उसकी नजर देवनारायण के क्षत-विक्षत शव पर पड़ी। वह शव की दशा देख समझ गया कि इसे हाथियों ने मार डाला है। इसकी सूचना उसने तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग व कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा पश्चात शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। इधर खेत में ग्रामीणों का भी हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपए प्रदान किया। वन विभाग के अधिकारियों ने परसा, भकुरा सहित आस-पास के क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी है। उनका कहना है कि ग्रामीण हाथियों के पीछे-पीछे न दौड़ें और न ही उन्हें छेड़ें। घर से बाहर निकलते समय पूरी सावधानी बरतें। वन विभाग का कहना है कि 3 हाथियों का दल सूरजपुर जिले के ग्राम कल्याणपुर, कंचनपुर की ओर से भटककर पहुंचा है। इस दौरान हाथियों ने ग्राम परसा में 2 घर भी ढहाए हैं। फिलहाल 3 हाथियों का दल ग्राम परसा, भकुरा में नवनिर्माणाधीन विश्वविद्यालय भवन से लगे जंगल में डटा हुआ है।

# मोटर सायकल चोर गिरोह का थाना भटगांव ने किया खुलासा

» **तीन अलग-अलग मोटर सायकल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार**

» **घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन की गई जप्त**

-संवाददाता-

**सूरजपुर,21 जून 2023 (घटती-घटना)।** विगत सप्ताह के सोमवार को भटगांव निवासी कमलेश्वर सिंह एवं राजू जायसवाल ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दोनों के द्वारा अपने घर के सामने पल्सर एवं अपाचे मोटर सायकल को खड़ा किए थे जिसे किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया। वहीं दिनांक 16.06.23 को ग्राम जरही निवासी गिरवर प्रसाद राजवाड़े ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12.06.23 को अपनी पल्सर 150 मोटर सायकल को घर के सामने खड़ा किया था जिसे अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। तीनों ही रिपोर्ट पर थाना भटगांव में अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया।



पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने सिलसिलेवार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना भटगांव की पुलिस अज्ञात चोर की पतासाजी में लगी थी इसी बीच जानकारी मिली कि चोरी की उक्त तीनों मोटर सायकल को कोरबा पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है। चोरों की गहनता से पतासाजी करने के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि चोरी की वारदात को ग्राम माजा और पटना जिला कोरिया के तीन लोगों के द्वारा स्कार्पियों वाहन से घुमकर अंजाम दिया गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर आरोपी राहुल साहू पिता सुरेश साहू उम्र 24 वर्ष निवासी माजा थाना रामानुजनगर, उमेश सोनवानी पिता नन्दलाल सोनवानी उम्र 20 वर्ष निवासी डुमरिया थाना पटना एवं त्रियम्बक भास्कर उर्फ गोल्डी पिता महिपाल प्रसाद सोनवानी उम्र 24 वर्ष निवासी पिपरा, थाना पटना जिला कोरिया को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की तीनों वारदात को अंजाम दिए एवं चोरी करने के बाद मोटर सायकल को बिक्री करने के लिए कोरबा ले जाकर एक व्यक्ति को दे दिए। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन सीजी 11 एयू 6200 को जप्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेंद्र साहू, एएसआई सुमन्त पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सुन्दरलाल टण्डन, करन सिंह नेताम, पूरन राजवाडें, आरक्षक कमलेश्वर सिंह, संतोष जायसवाल, मनोज जायसवाल, विनोद सिंह व वाहिद हुसैन सक्रिय रहे।



# योग दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी में बेटियों का किया गया सम्मान

-संवाददाता-

**सूरजपुर,21 जून 2023 (घटती-घटना)।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली के आदेशानुसार केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में 21 जुन 2023 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के 2044 आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रातः 07.00 बजे जिले अंतर्गत लगभग 40 हजार से अधिक बच्चियों को चंदन तिलक लगाकार उनका सम्मान किया गया। जिससे बच्चियों को प्रोत्साहित किया जा सके साथ ही उन्हें उनके भविष्य हेतु काउंसिलिंग भी प्रदान की गई। जिससे वे अपना भविष्य उज्जवल कर सकें और जिले में लिंगानुपात को बढ़ावा मिल सके। आयोजन का मुख्य उद्देश्य योग दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत हर घर आंगन योग के तहत् विभिन्न कार्यक्रम जिले के सभी 2044 आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किये गये।

CMYK

## संयुक्त राष्ट्र में आतंकी साजिद मीर की ऑडियो क्लिप सुना भारत ने पाकिस्तान और चीन को दिखाया आईना

न्यूयॉर्क ।भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा के आतंकी साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित करने के लिए प्रस्ताव दिया था, इस प्रस्ताव को चीन ने रोक दिया ।इस पर भारत ने बुधवार को प्रतिक्रिया देकर चीन के इस कदम की निंदा की। साथ ही भारत ने पाकिस्तान और चीन दोनों के यूएन में आईना दिखाया। भारत ने आतंकी साजिद मीर की ऑडियो क्लिप सुनाई। जो ऑडियो क्लिप सुनाई है उसमें सुना जा सकता हैं कि आतंकी साजिद मीर अपने दूसरे आतंकी को गोली चलाने की बात कह रहा है। जहां पर आपको मूवमेंट नजर आ रही है, छत पर जो भी आ रहा है, उस पर फायर ठोको...उसे नहीं पता कि यहां पर क्या हो रहा है ।आतंकी साजिद मीर की बात सुनने के बाद सामने से दूसरा आतंकी इसके जवाब में कहता है कि इंशाअल्लाह...।

बता दें कि भारत ने मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित करने के लिए यूएन में प्रस्ताव लाया था, जिसे चीन ने ब्लॉक कर दिया था। आतंकी साजिद मीर भारत में सबसे वांछित आतंकियों में से एक है। मुंबई हमले में उसकी भूमिका के लिए अमेरिका ने मीर के सिर पर 50 लाख डॉलर का इनाम रखा है।

## भूटान में डालर पर भुगतान करने पर पर्यटकों को रियायत

थिंपू ।भूटान सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू कर रही है ।पर्यटकों को लुभाने के लिए पर्यटन नीति में कई बदलाव किए हैं ।भूटान की सरकार हिमालय की चोटियों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए पर्वतारोहण पर प्रतिबंध लगाता है ।लेकिन अब पर्यटन बढ़ाने के लिए 4 दिनों के लिए दैनिक शुल्क का भुगतान डालर मे करने पर चार अतिरिक्त दिनों रहने की सुविधा दी जाएगी। नई पर्यटन नीति में 12 दिन की फीस का भुगतान डालर में करने वाले पर्यटक को 1 माह तक रुकने की अनुमति होगी। डालर से भुगतान करने वालों को विशेष रियायत दी जाएगी। भूटान की इस योजना से भूटान में डालर से पेमेंट करने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। जिसका असर भारत में अवश्य पड़ेगा। उल्लेखनीय है, भूटान के थिंमफू में बुद्ध डोरडेनमा की प्रतिमा है। इसके दर्शन करने के लिए भी बड़ी संख्या में पर्यटक दुनिया भर के देशों से यहां पहुंचते हैं।

## अमेरिका में वॉलमार्ट के अंदर गोलीबारी

वॉशिंगटन ।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी प्रांत टेनेसी में लेनोइर सिटी में वॉलमार्ट के अंदर गोलीबारी के बाद जांच शुरू की है। रिपोर्ट के अनुसार, लेनोइर सिटी पुलिस विभाग के प्रमुख डॉन व्हाइट ने कहा कि एक संदिग्ध ने शाम करीब सात बजे हाईवे 321 स्थित वॉलमार्ट में पांच राउंड गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि अधिकारी मौके पर पहुंचे और इमारत को खाली करा लिया। पुलिस ने संदिग्ध की गिरफ्तारी और सजा दिलाने वाली सूचना के लिए 5,000 डॉलर के इनाम की घोषणा की है ।हालांकि शूटिंग के बारे में अतिरिक्त विवरण तुरंत उपलब्ध नहीं थे, लेनोइर सिटी के मेयर टोनी ऐकेंस ने बताया कि सबूत बताते हैं कि किसी ने हवा में गोली चलाई, विशेष रूप से किसी को निशाना नहीं बनाया।

## भारत को 'नाटो प्लस' में शामिल करने के लिए विधेयक लाएगा 'सीनेट इंडिया कॉकस'

वाशिंगटन ।अमेरिका के वरिष्ठ सांसद मार्क वॉर्नर ने कहा कि वह भारत को 'नाटो प्लस' का हिस्सा बनाने एक विधेयक पेश करने की योजना बना रहे हैं, जिससे चीन की बढ़ती चुनौतियों के बीच शीर्ष अमेरिकी प्रौद्योगिकी और रक्षा उपकरणों को स्थानांतरित करने में नौकरशाही के स्तर पर पेश आ रही परेशानियों को दूर कर सकते हैं ।उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) प्लस' (वर्तमान में नाटो प्लस 5) एक सुरक्षा व्यवस्था है, जो रक्षा और खुफिया संबंधों को बढ़ावा देने के लिए नाटो और पांच गठबंधन देशों, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान, इज़राइल व दक्षिण कोरिया को एक साथ लाती है। वॉर्नर ने कहा, ''सीनेट इंडिया कॉकस में मेरे सह-अध्यक्ष सीनेटर (जॉन) कॉर्निन और मैं इस सप्ताह इस विधेयक को एक स्वतंत्र (स्टैंडअलोन) विधेयक और रक्षा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन विधेयक के तौर पर पेश करने वाले हैं, ताकि भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को गति देने में मदद मिले।'' वार्नर ने कहा, ''हम जो प्रस्ताव रख रहे हैं, उसका मकसद तथाकथित नाटो प्लस5 व्यवस्था में भारत को शामिल करना है, जिससे अमेरिका मामूली नौकरशाही हस्तक्षेप के साथ नयी दिल्ली को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति करने में सक्षम हो पाए।'' डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े वार्नर और रिपब्लिकन पार्टी के नेता कॉर्निन 'सीनेट इंडिया कॉकस' के सह-अध्यक्ष हैं। यह कॉकस अमेरिकी सीनेट में एकमात्र देश-विशिष्ट संसदीय कॉकस है।

## पीएम मोदी को मंच तक लेकर आएंगे भारतीय मूल के अमेरिका नेता थानेदार

न्यूर्याक ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की सरजमीं पर पहुंच चुके हैं। अमेरिका के दौरे पर, तब पीएम मोदी पहले भी गए हैं। लेकिन उनका ये पहला राजकीय दौरा है ।इसलिए ये दोनों देशों के लिए काफी अहम माना जा रहा है। न्यूयॉर्क में पीएम मोदी बुधवार शाम 5-30 में योग भी करने वाले हैं। दूसरी बार वहां यूएस कांग्रेस को भी संबोधित करने जा रहे हैं। जब अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए पीएम मोदी पहुंचेंगे तब उस समय भारतीय अमेरिकी सांसद थानेदार उन्हें मंच तक लेकर जाएंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता थानेदार संसद में मिशिगन के 13वें 'कांग्रेसनल जिले' का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 22 जून को प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में आयोजित राजकीय रात्रिभोज के लिए भी आमंत्रित किया है। थानेदार ने कहा कि मैं गरीबी में पला-बढ़ा और एक सपने के साथ अमेरिका आया ।मैं सौभाग्यशाली हूं कि मैंने अमेरिका को लेकर अपने सपने को पूरा किया। अमेरिका प्रवासियों का देश है, यह अवसरों की भूमि है और यह विविधता हमारे देश को मजबूत बनाती है। उन्होंने अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंधों के समर्थन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने बताया कि पिता के रिटायरमेंट के बाद परिवार को मदद करने के लिए 14 साल की उम्र में ही उन्?हें कई तरह के काम करने पड़े ।पिता की मौत के बाद उन्?होंने चौकीदार की भी जॉब की।

## चिंता का विषय...65 प्रतिशत तेजी से पिघल रहे हिमालयी ग्लेशियर

काठमांडू ।वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी कि जलवायु परिवर्तन के कारण लगभग दो अरब लोगों को महत्वपूर्ण पानी उपलब्ध कराने वाले हिमालयी ग्लेशियर पहले से कहीं अधिक तेजी से पिघल रहे हैं। हिमालयी ग्लेशियर पिघलने के कारण समुदायों को अप्रत्याशित और महंगी आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी)



की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दशक की तुलना में 2011 से 2020 तक ग्लेशियर 65 प्रतिशत तेजी से पिघल रहे हैं ।प्रमुख लेखक फिलिपस वेस्टर ने बताया कि जिस गति से बर्फ पिघल रही है वह अप्रत्याशित और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता था कि यह इतनी तेजी से आगे बढ़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंदू कुश हिमालय (एचकेएच) क्षेत्र में ग्लेशियर पर्वतीय क्षेत्रों में लगभग 240 मिलियन लोगों के साथ-साथ नदी घाटियों में अन्य 1.65 बिलियन लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत हैं। आईसीआईएमओडी, एक अंतर-सरकारी संगठन, जिसके सदस्य देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार और पाकिस्तान भी शामिल हैं, ने कहा कि वर्तमान उत्सर्जन प्रक्षेपवक्र के आधार पर, ग्लेशियर सदी के अंत तक अपनी वर्तमान मात्रा का 80 प्रतिशत तक खो सकते हैं। ग्लेशियर दुनिया की 10 सबसे महत्वपूर्ण नदी प्रणालियों की जल आपूर्ति करता है जिसमें गंगा, सिंधु, येलो, मेकांग और इरावदी शामिल हैं, और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अरबों लोगों को भोजन, ऊर्जा, स्वच्छ हवा और आय की आपूर्ति करते हैं।



पेरिस में 54 वें अंतरराष्ट्रीय पेरिस एयर शो को देखने पहुंचे लोग।

## अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां बेहद सतर्क, पीएम मोदी के खिलाफ प्रदर्शन का खतरा

वॉशिंगटन ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रदर्शन व हमले का खतरा देखते हुए अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियां बेहद सतर्कता बरत रही है। गौरतलब है कि पीएम मोदी इस समय अमेरिका की राजकीय यात्रा पर हैं। खबर है कि विरोधी समूहों को देखते हुए अमेरिका की सुरक्षा एजेंसियां तत्पर हैं। कहा जा रहा है कि इस साल मार्च में हुई घटना के कारण एजेंसियां अतिरिक्त सावधान हैं, जब खालिस्तानी समर्थक समूहों ने पंजाब में खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे के मुखिया अमृतपाल सिंह पर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता खुद राष्ट्रपति जो बाइडन ने दिया था। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। सूत्रों की मानें तो सुरक्षा एजेंसियों को सिर्फ विरोध प्रदर्शन ही नहीं बल्कि हमले का भी डर सता रहा है। अमेरिकी अधिकारी भी समझते हैं कि विरोध प्रदर्शनों से हिंसा हो सकती है। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर इन समूहों के हमलों की वजह से सुरक्षा एजेंसियां खासतौर पर सतर्क हैं। खबर है कि अमेरिका के अधिकार समूह पीएम मोदी की यात्रा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं ।हालांकि विशेषज्ञों को वॉशिंगटन की तरफ से नई दिल्ली की सार्वजनिक रूप से आलोचना की उम्मीद नहीं है।

मीडिया में आ रही खबरों के अनुसार, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल, पीस एक्शन, वेटरन्स फॉर पीस और बेथेस्डा अफ्रीकन सिमेट्री गठबंधन की 22 जून को वाइट हाउस के पास इकट्ठा होने की योजना है, जहां पीएम मोदी जो बाइडन से मिलने वाले हैं। न्यूयॉर्क में एक अन्य कार्यक्रम की भी योजना है जिसमें हाउडी डेमोक्रेसी नामक एक शो दिखाया जाएगा। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से सतर्क हैं।

# भारत ने बढ़ाया हाथ, 180 देश आए साथ, संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर में पीएम मोदी का योग

**वॉशिंगटन। (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा का दूसरा दिन है। वो 20 जून को न्यूयॉर्क पहुंचे, जहां उनका स्वागत अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू और संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने किया। अपनी पांच दिवसीय राजकीय यात्रा के दूसरे दिन पीएम मोदी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया। वहां से वह वाशिंगटन डीसी के लिए रवाना होंगे जहां राष्ट्रपति बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन 22 जून को राजकीय रात्रिभोज में उनकी मेजबानी करेंगे।

### महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुष्पांजलि

यू तो पांच हजार साल पहले हिंदुस्तान ने दुनिया को योग सिखाया जब अगस्त ऋषि ने घूम-घूमकर इसके बारे में बताया। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 180 देशों के प्रतिनिधि योग दिवस के समारोह में शामिल होते हुए इसे खास बनाते हुए नजर आए। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों के अलावा दुनियाभर से आए लोग इसमें भाग लेते नजर आए। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की। जहां योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन उत्तरी लॉन में हुआ वहां पिछले साल दिसंबर में संयुक्त राष्ट्र की ओर से महात्मा गांधी की प्रतिमा को वहां पर स्थापित किया गया था। दुनियाभर के तमाम मुल्कों के लोग जब जब यूएन के मुख्यालय जाते हैं तो महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने शीश झुकाना नहीं भूलते हैं।



### यूएन के आंगन से हिंद का योग संदेश

पीएम मोदी के पहल पर ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा साल 2014 में की गई थी। 9 साल के बाद इस खास दिन पर पीएम मोदी अमेरिका के यूएन मुख्यालय में योग करते नजर आए। सफेद रंग के टी शर्ट में पीएम मोदी दिखे जिसमें योग दिवस का लोगो भी अंकित नजर आया। न्यूयॉर्क मेयर एरिक एडम भी साथ दिखे। संयुक्त राष्ट्र में भारत की राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि आज का उत्सव वास्तव में बहुत खास है क्योंकि पीएम मोदी यहां योग करने में हमारा नेतृत्व करेंगे. उन्हीं के नेतृत्व में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का सफर

आधिकारिक तौर पर पूरी दुनिया में इसे मान्यता दिलाने की गंभीर और निर्णायक पहल पिछले साल 27 सितम्बर 2014 को हुई। उस दिन युएन में दिए अपने पहले भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक प्रस्ताव पेश किया जिसके तहत 21 जून को इंटरनेशनल योग दिवस मानाने की बात कही गई। उन्होंने शरीर और दिमाग पर पड़ने वाले योग के सकारात्मक प्रभाव की चर्चा की। इसके बाद 11 दिसंबर 2014 को युएन ने घोषणा कि की हर साल 21 जून को आधिकारिक तौर पर इंटरनेशनल योग डे मनाया जाएगा।

## 5 बड़े खालिस्तानी आतंकियों की मौत के बाद पन्नू अंडरग्राउंड हुआ

**-सता रहा अपनी मौत का डर, एनआईए कर रही कार्रवाई**

**बीजिंग (एजेंसी)।** लंदन (ईएमएस)। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद करीब 60 घंटे से खालिस्तान आतंकवाद का मोहरा गुरपतवंत सिंह पन्नू अंडरग्राउंड हो चुका है। खुफिया एजेंसी सूत्रों के मुताबिक पिछले 4 माह में 5 बड़े खालिस्तानी आतंकियों की विदेश में हत्या या फिर संदेहास्पद मौत के बाद पन्नू को अपनी मौत का डर सता रहा है। इस बीच निज्जर की हत्या होने से पन्नू के होश उड़ गए हैं, जो पन्नू कभी सोशल मीडिया पर बढ़-चढ़कर भारत विरोधी एजेंडे को खालिस्तान समर्थन की आड़ में हवा देता था। वह पिछले 60 घंटे से खामोश है।

पन्नू बिल्कुल अलग-थलग पड़ चुका है। भारतीय जांच एजेंसियों ने पन्नू के ऊपर पिछले 6 महीनों में शिकंजा कसा है। एक ओर भारत में उसके गुर्गों पर कार्रवाई और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ विदेश में भी खालिस्तानी समर्थकों पर नकेल कसी जा रही है। आतंकी पन्नू इसकारण भी डरा हुआ है। क्योंकि वर्तमान में लंदन में भारतीय उच्चायोग के सामने हिंसक प्रदर्शन मामले में एनआईए टीम ब्रिटेन में है और उसके मारे गए सहयोगी खांडा की सीधी भूमिका के बारे में जांच हो रही है।

दरसल पिछले 4 माह से एनआईए सहित पंजाब पुलिस और देश की अलग-अलग एजेंसियों ने गैंगस्टर के अलावा खालिस्तानी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है। इन कार्रवाई में प्रमुख है पिछले महीने खालिस्तान टाइगर फोर्स, जिसका प्रमुख आतंकी निज्जर मारा गया। भारत में उसके ठिकानों पर और उसके गुर्गों पर छापेमारी चल रही है। इसके अलावा अमृतपाल पर कार्रवाई के दौरान सिख फार जस्टिस के कई गुर्गों को पर नकेल कसी गई थी।

इसका नतीजा ये हैं कि 2020-2021 और 2022 के पहले हिस्से में जिस तेजी से पन्नू सिख फॉर जस्टिस की आड़ में भारत विरोधी खालिस्तानी प्रोपेगेंडा को विदेशों में हवा दे रहा था। वह एकाएक पिछले 1 साल में एकदम कमजोर हो गया है। पिछले हफ्ते लंदन में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई खालिस्तानी आतंकी अवतार सिंह खांडा की मौत, जो कि यूके सिख फॉर जस्टिस का प्रमुख था। उसमें भी पन्नू के भूमिका की आशंका जा रही है। वजह यह है कि खांडा के पास भारतीय पासपोर्ट था और पन्नू को डर था कि अगर इसका डिपोर्टेशन भारत हो जाता है उनके कई राज खोल सकता है लिहाजा निज्जर की मदद से खांडा को मरवा दिया।

## संसद में अखंड भारत का नक्शा लगाने पर नेपाल अब भारत से मांगेगा जवाब

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल अब भारत से संसद में अखंड भारत का नक्शा लगाए जाने को लेकर जवाब तलब करेगा। गौरतलब है कि भारतीय संसद में अखंड भारत का नक्शा लगाए जाने का मुद्दा नेपाल में और गरमाता जा रहा है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में स्थित नेपाली दूतावास से कहा है कि वह भारत के विदेश मंत्रालय से अखंड भारत का नक्शा लगाए जाने पर जवाब मांगे। दरअसल, भारत की नई संसद के अंदर अशोककालीन शासन का भित्तिचित्र लगाया गया है जो अब नेपाल में भारी विवाद का विषय बन गया है। इस नक्शे में नेपाल के लुंबिनी और कपिलवस्तु को भारत का हिस्सा दिखाया गया है। इस पूरे मामले को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टाराई और केपी ओली ने भारत के खिलाफ बयान दिए थे और प्रचंड सरकार से जवाब मांगा था। नई दिल्ली में तैनात नेपाली दूतावास के एक अधिकारी के हवाले से सोमवार को प्रचंड सरकार ने निर्देश दिया है कि वह भारत के विदेश मंत्रालय से भारतीय संसद में लगाए गए? भित्तिचित्र के बारे में जवाब मांगे। इससे पहले पीएम मोदी ने 28 मई को नई संसद की इमारत का उद्घाटन किया था।

भारतीय संसद में लगे इस नक्शे के विरोध में नेपाल के राजनीतिक दलों के साथ काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने भी विरोधी बयान दिया था। शाह ने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगवाया था जिसमें यूपी, बिहार और हिमाचल के कई इलाकों को नेपाल का दिखाया था। इस नक्शे को लेकर नेपाल के अलावा बांग्लादेश और पाकिस्तान ने भी आपत्ति जताई थी। इस नक्शे में तक्षशिला को भी दिखाया गया है जो अभी पाकिस्तान में है। इस पूरे मामले को लेकर चीन के इशारों पर चलने वाले केपी ओली और बाबूराम भट्टाराई ने कड़ा विरोध किया था और प्रचंड सरकार से कहा था कि वह इस पूरे मामले को भारत के साथ उठाए। उधर, नेपाल के दूतावास ने पहले ही अपनी रिपोर्ट भेज दी है कि यह भित्तिचित्र केवल अशोक साम्राज्य के सांस्कृतिक पहलू को ही दर्शाता है। इसका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसका वर्तमान समय की वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं है।

# भारत के खिलाफ जैक डोर्सी के आरोपों को एलन मस्क ने किया खारिज?

**-पीएम मोदी ने अमे?रिका में विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों से की मुलाकात**

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** एलन मस्क ने जैक डोर्सी के उन आरोपों को सिरे से नकार दिया है, जिनमें भारत सरकार द्वारा किसान आंदोलन के दौरान कंटेंट को लेकर ट्वीटर पर पाबंदी लगाने को कहा था। जानकारी के अनुसार टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने ट्विटर के सह-संस्थापक और पूर्व मालिक जैक डोर्सी के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत सरकार ने किसान आंदोलन के दौरान कंटेंट को लेकर कंपनी पर पाबंदी लगाने की धमकी दी थी। पीएम नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख अमेरिकी हस्तियों से मुलाकात की, जिसमें टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मस्क ने कहा कि किसी भी अन्य बड़े देश की तुलना में भारत में अधिक संभावनाएं हैं। पीएम से मुलाकात के बाद पत्रकारों ने जब सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर के मालिक मस्क से कंपनी के पूर्व मालिक तथा सीईओ जैक डोर्सी के भारत सरकार के खिलाफ हाल ही में लगाए आरोपों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि ट्विटर के पास स्थानीय सरकार की बात मानने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है अन्यथा वह बंद हो जाएगा।



एलन मस्क ने कहा कि हम केवल किसी भी देश में कानूनों का पालन कर सकते हैं। हम इससे अधिक और कुछ नहीं कर सकते। अलग-अलग सरकारों के अलग-अलग नियम एवं कानून हैं और कानून के तहत जो संभव होगा हम उसके अनुसार अभिव्यक्ति की आजादी प्रदान करने की पूरी कोशिश करेंगे। मस्क के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि आज आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा एलन मस्क। हमने ऊर्जा से लेकर आध्यात्मिकता तक के कई मुद्दों पर व्यापक बातचीत की। इस पर मस्क ने जवाब दिया कि आपसे एक बार फिर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। दरअसल, ट्विटर के को-फाउंडर जैक डोर्सी ने सनसनीखेज दावा किया था कि भारत सरकार ने वर्ष 2020 और 2021 में तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के दौरान सरकार की आलोचना वाले खातों और पोस्ट को हटाने का अनुरोध नहीं मानने पर कंपनी का कामकाज बंद करने और उसके कर्मचारियों पर छापे मारने की धमकी दी थी।

भारत सरकार ने डोर्सी के इस आरोप को 'सफेद झूठ' बताकर उसी समय खारिज कर दिया। साल 2021 में ट्विटर के सीईओ पद से इस्तीफा दे चुके डोर्सी एक साक्षात्कार में सरकार पर दबाव बनाये जाने का आरोप लगाते हुए कहा था कि यह कई तरीकों से किया गया, जैसे, हम भारत में ट्विटर को बंद कर देंगे, जो हमारे लिए बहुत बड़ा बाजार है। हम आपके कर्मचारियों के घरों पर छापे मारेंगे जो उन्होंने किया। और यह भारत है, एक लोकतांत्रिक देश। इस तरह के तमाम आरोप लगाए गए थे।

## डूरंड लाइन सिर्फ एक रेखा, टीटीपी पर झूठ बोल रहा पाकिस्तान, तालिबान की शहबाज सरकार को दो टूक

**(एजेंसी)।** तालिबान प्रशासन के रक्षा मंत्री मौलवी मुहम्मद याकूब मुजाहिद ने कहा है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच की सीमा, जिसे डूरंड रेखा कहा जाता है केवल एक 'रेखा' है। तालिबान के संस्थापक मुल्ला मुहम्मद उमर मुजाहिद के बेटे मुजाहिद ने काबुल में टोलो न्यूज को एक वीडियो साक्षात्कार में बताया कि जब लोग चाहेंगे तो अफगानिस्तान इस्लामाबाद के साथ इस मामले को उठाएगा। उन्होंने कहा कि तालिबान पाकिस्तान से लगी सीमा का मुद्दा नहीं उठा रहा है क्योंकि अफगानिस्तान के लोग अन्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। द इंडिपेंडेंट उर्दू अखबार द्वारा टोलो प्रसारण की सूचना दी गई थी। डुरंड लाइन से तालिबान प्रशासन द्वारा तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सदस्यों के स्थानांतरण पर हो रही चर्चाओं के आलोक में मुजाहिद के विचार महत्वपूर्ण हैं। डूरंड लाइन, वास्तव में सीमा, तालिबान या अफगानिस्तान में पिछले लोकतांत्रिक-शासनों द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। तालिबान नेता ने पाकिस्तानी तालिबान का बचाव करते हुए कहा कि अगर टीटीपी अफगानिस्तान में स्थित है तो वह सीमा पर पाकिस्तानी सुरक्षा चौकियों पर हमला करेगा। इसके बजाय, टीटीपी इस्लामाबाद सहित पाकिस्तान के अंदर के शहरों पर हमला कर रहा है। खराब सुरक्षा के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराते हुए मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान टीटीपी के खिलाफ अपना बचाव करने में असमर्थ है, इसलिए वह अफगानिस्तान को दोष देता है। पाकिस्तान के साथ अफगानिस्तान के संबंधों के बारे में मुजाहिद ने कहा कि उसके पूर्वी पड़ोसी को एक स्वतंत्र और व्यवस्थित अफगानिस्तान अबाद अफगानिस्तान के बारे में सोचना चाहिए, जैसा कि उन्होंने इसका वर्णन किया और कहा कि यह पाकिस्तान के हित में भी होगा। टोलो को दिए साक्षात्कार में मुजाहिद ने अमेरिका पर ड्रोन के जरिए उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने अमेरिका को अफगान हवाई क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने की इजाजत देने के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। तालिबान के रक्षा मंत्री एक अमेरिकी ड्रोन द्वारा अल-कायदा प्रमुख अयमान अल-जवाहिरी की हत्या पर इशारा कर



रहे थे - एक ऐसा कार्य जिसने तालिबान द्वारा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हस्ताक्षरित दोहा समझौते का उल्लंघन किया जिसने अमेरिका की वापसी का मार्ग प्रशस्त किया। और अफगानिस्तान से नाटो सेना।

# नेता हुए खामोश...लेकिन अभी भी कोई जिला विभाजन के मुद्दे को दे रहा है चुनौती

- » जिला विभाजन का विरोध करने वालों ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री भारत सरकार को जिला प्रवास पर दिया ज्ञापन
- » कोरिया जिला विभाजन के मुद्दे पर उच्च स्तरीय शिकायत पर कमिश्नर सरगुजा ने कलेक्टर को भेजा पत्र,एक महीने में मांगा जांच प्रतिवेदन
- » 3 पन्नो की शिकायत के साथ 27 पन्ने की जानकारी देकर जिला विभाजन को असंतुलित बताया जा रहा है
- » संविधान को दरकिनार कर पांचवी अनुसूची वाले क्षेत्रों का हो रहा विभाजनः रामप्रताप साहू
- » संविधान के अनुसार पांचवी अनुसूची क्षेत्र को अलग करने का प्रावधान नहीं
















-रवि सिंह-

**बैकुंठपुर, 21 जून 2023 (घटती-घटना)।** कोरिया जिला विभाजन शुरुआती दौर में ही राजनीति का शिकार हो गया था, राजनीतिक तौर पर नेता इस विभाजन को गलत बताकर जहां सहानुभूति बटोर रहे थे तो कुछ नेता इस मामले में चुप्पी साध लिए थे, लंबे समय तक इस विभाजन को लेकर तीनों विधानसभाओं में आंदोलन देखा जा रहा था, समय के साथ साथ आंदोलन भी खत्म हो गया और नवीन जिला अस्तित्व में आ गया और सब कुछ ऐसा लगा कि सामान्य हो चला है, इस मुद्दे पर सभी ने चुप्पी साध और चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जो असंतुलित विभाजन को लेकर आज भी कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं, लड़ने वाले बहुत बड़े ना तो नेता है और ना ही किसी राष्ट्रीय पार्टी से जुड़े हुए हैं, यही वजह है बिना स्वार्थ और आम आदमी होने के नाते और अपनी जानकारी के मुताबिक असंतुलित जिला विभाजन को लेकर लड़ाई जारी वह रखे हुए हैं, और तथ्यों और मुद्दों पर जिला विभाजन को चुनौती दिया जा रहा है और यह प्रयास किया जा रहा है कि जिला विभाजन निरस्त हो सके, जिसके लिए वह उच्च न्यायालय तक जाने को तैयार है। लड़ाई लड़ने वाले में 5 लोग शामिल हैं जिसमें डॉ लक्ष्मण सिंह उदय, विजेंद्र कुमार, प्रताप सिंह, राम प्रताप साहू, पारसनाथ, यह पांचो असंतुलित जिला विभाजन को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं और लगातार इनकी तरफ से शिकायतें उच्च स्तर पर की जा रही हैं और यह न्याय की लड़ाई भी लड़ने को तैयार हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मुख्यमंत्री ने जिला विभाजन के लिए संविधान की अवहेलना की है जबकि संविधान में 5 वी अनुसूचित क्षेत्र में इस तरीके से जिला विभाजित करने का नियम ही नहीं है, जिसको लेकर इन्होंने काफी सारे दस्तावेजों के साथ शिकायत प्रस्तुत कर इसपर कार्यवाही की मांग की है, महामहिम राज्यपाल को शिकायत की गई थी जिसमें कमिश्नर के पास से कलेक्टर कोरिया को पत्र भेज कर एक महीने के अंदर जांच प्रतिवेदन मांगा गया है। यदि शिकायतकर्ताओं की जानकारी पर जोर डाला जाए तो यदि पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में सरकार का पूरा हस्तक्षेप नहीं होता है तो फिर सरगुजा के बाकी जिलों का भी विभाजन नहीं होना था और यदि होना था तो संविधान के नियमों के तहत होना था लेकिन संविधान के नियमों का कहीं पर भी पालन नहीं किया गया और जिला का विभाजन कर दिया गया।

ज्ञात हो की जिला विभाजन से असंतुष्ट 5 शिकायतकर्ताओ ने महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ राजभवन, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद रायपुर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुसूचित क्षेत्र जिला कोरिया, संभाग आयुक्त संजय कुमार अलंग अनुसूचित क्षेत्र संभाग सरगुजा को शिकायत कर जिला विभाजन को निरस्त करने की कार्यवाही की मांग की है, जिस संदर्भ में छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित क्रमांक 558 रायपुर, गुरुवार, दिनांक 8 सितम्बर 2022 के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एफ 11-39/2021 / सात-4 के तहत जारी आदेश में कोरिया जिला की सीमाओं को परिवर्तित / विभाजन किया गया है या राष्ट्रपति के द्वारा परिभाषित अनुसूचित क्षेत्र जिला कोरिया का यह इनके द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट नहीं हो रहा है। उक्त शब्दों का स्पष्ट करते हुए निम्न निवेदन स्वीकार करने की मांग करते हुए कहा की अनुसूचित क्षेत्र जिला कोरिया के परिसीमन/विभाजन को निरस्तीकरण करने का आग्रह किया है। आवेदकों की ओर से भारतीय संविधान की अनुच्छेद 13 (2) के तहत नियमानुसार सादर निवेदन प्रस्तुत कहा गया है कि उक्त तिथि में जारी अधिसूचना क्रमांक / पंचायत /पं./ पं. ग्रा.वि.वि./22/2014/923 दिनांक 21 जुलाई 2014 छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994) की धारा 10 की उपरारा (3) में प्रत्येक जिले (अधिनियम की धारा 2 (तीन) में वर्णित राजस्व जिला के लिए जिला पंचायत की स्थापना हेतु दिये गये प्रावधान अनुसार राज्य शासन एतद द्वारा दंतेवाड़ा, बस्तर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं सरगुजा जिला पंचायतों का पुनर्गठन कर नवीन जिला पंचायतों तथा सुकमा, कोण्डागांव, बलौदा बाजार, गरियाबंद, बेमेतरा, बालोद, मुंगेली, सूरजपुर एवं बलरामपुर का गठन उपरांत अधिनियम के प्रयोजन के लिए संलग्न अनुसूची के कालम 4 में उल्लेखित नाम से जिला पंचायत स्थापित करता है एवं उक्त स्थापित होने वाले जिला पंचायतों में अधिनियमों की धारा 8 (ग) के अनुसार जिला पंचायत की गठन किया गया है। इस प्रकार गठित जिला पंचायतों को अधिनियम की धारा 11 के अन्तर्गत वर्णित अधिनियम के प्रयोजन के लिए आवश्यक अन्य समस्त शक्तियाँ प्राप्त होगी। उक्त अधिसूचना में कोरिया जिला का नाम दर्शित नहीं है। इससे यह साबित होता है कि उक्त जिला अधिनियमित नहीं है।

## जिला विभाजन का विरोध करने वालों ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री भारत सरकार को जिला प्रवास पर दिया ज्ञापन

जिला कोरिया का असंतुलित विभाजन किया गया है और संविधान का भी मामले में ध्यान नहीं रखा गया है इसका उल्लेख करते हुए जिला प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय ग्रामीण विकास एवम पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह को भी जिला विभाजन मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है की जिले का विभाजन करते समय खड़गवां विकासखंड के पोड़ी बचरा क्षेत्र का विभाजन जिस प्रकार किया गया है वह और भी गलत है, जिसके अनुसार शैक्षणिक एवम न्यायिक मामले में क्षेत्र एमसीबी जिले में शामिल रखा गया है वहीं राजस्व मामले में क्षेत्र को कोरिया जिले में शामिल रखा गया है जिससे क्षेत्रवासियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिस मामले में उन्हे न्याय चाहिए। ज्ञापन के साथ अब तक की गई कार्यवाही साथ ही दिए गए आवेदनों को भी संलग्न कर केंद्रीय मंत्री को दिया गया है। संलग्न प्रपत्र में घटती घटना समाचार पत्र में छपी खबर को भी संलग्न किया गया है।

## कुछ राज्यों के उदाहरण

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की पृष्ठ क्र. 1.27 में दर्शित अधिसूचना की नकल का प्रति संलग्न है, अवलोकन की कृपा हो उक्त अधिसूचना के नियमानुसार कोरिया जिला को अधिनियमित किया जावे। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग आ. सा. संख्या 04/01/2012 को राष्ट्रपति को प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेखित शब्दों के अनुसार तथा राष्ट्रपति के आदेशानुसार अनुसूचित क्षेत्रों के संबंध में वर्तमान में निम्नलिखित आदेश अपने मूलरूप में या संशोधित रूप में प्रचलन में है, अनुसूचित क्षेत्र (छत्तीसगढ़,झारखण्ड और मध्यप्रदेश राज्य) आदेश 2003 (सा.आ. 192) संयुक्त राज्य मध्यप्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों को ह्वमूलरूप में अनुसूचित क्षेत्र (भाग क राज्य) आदेश 1950 (सं आ.) त्तदिनांक 23/01/1950 के तहत विनिर्दिष्ट किया गया और मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में उपर्युक्त पहले आदेश को रद्द करने के पश्चात् अनुसूचित क्षेत्र (बिहार, गुजरात, मध्यप्रदेश और उड़ीसा राज्य ) आदेश 1977 (सा.आ. 109 ) दिनांक 31/12/1977 के तहत पुनः विनिर्दिष्ट किया गया मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत नए राज्य छत्तीसगढ़ के निर्माण के परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश के संबंध में विनिर्दिष्ट अनुसूचित क्षेत्रों को नवनिर्मित छत्तीसगढ़ राज्य को हस्तांतरित कर दिया गया, जहाँ तक मध्यप्रदेश राज्य का संबंध है वह 31/12/1977 के आदेश को रद्द करके छत्तीसगढ़ के अनुसूचि क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र (छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्यप्रदेश राज्य) आदेश 2003 (सा.आ. 192) दिनांक 20/02/2003 के तहत विनिर्दिष्ट किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ का सरगुजा संभाग का कोरिया जिला शामिल है। इससे यह साबित होता है कि कोरिया जिला अनुसूचित क्षेत्र जिले के रूप में परिभाषित है। राज्यपाल द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों के लिए वार्षिक प्रतिवेदन में दर्शित बिन्दुओं के अनुसार उक्त जिले का क्षेत्र भारतीय संविधान की अनुच्छेद 244(1) के तहत प्रशासन संचालित होता है। संविधान (सातवां संशोधन) अधिनियम 1956 की धारा 29 के नियमानुसार संसद का या उस राज्य के विधान मंडल का विशिष्ट ह्वअधिनियम उस राज्य के अनुसूचित क्षेत्र या उसके किसी भाग को लागू नहीं होगा ये कानून कहता है।

## शिकायतकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का कुछ उदाहरण भी प्रस्तुत किया

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के जजमेन्ट (क) 13 नवम्बर 1969 को रामकृपाल भगत और अन्य बनाम बिहार राज्य की निर्णय (ख) चेबरोलू लीला प्रसाद और अन्य आन्ध्रप्रदेश राज्य और अन्य में सुप्रीम कोर्ट की पाँच सदस्यीय पीठ का फैसला वर्ष 2000 की अवलोकन की कृपया हो तथा पांचवी अनुसूची के सम्बन्ध में लेख के अनुसार अनुसूची 5 के अनुच्छेद 5 (1) के तहत सरकार सिर्फ संसद या राज्य विधानसभा द्वारा बनाए गये कानूनों को लागू कर सकती है या नहीं, लागू नहीं कर सकती है। कोई नया कानून नहीं बना सकती है। इस शक्ति का इस्तेमाल निर्वाचित विधायिका को दरगुजर करके अलोकतान्त्रिक तरीके से नहीं किया जाना चाहिए। ये सुप्रीम कोर्ट का कथन है।

## जिले का बंटवारा व विभाजन कर परेशानियों को बढ़ाया गया है

जिस जिले का विभाजन की गई है उक्त जिला कोरिया का वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या 658517 है। जिसका क्षेत्रफल 6.604 कि.मी. (2.550 वर्ग मील) तथा तहसील पाँच, नगर निगम 01, नगर पालिका 03 नगर पंचायत 01 एवं ग्राम पंचायतों की संख्या 253 संचालित है। उक्त अनुसूचित जिला कोरिया के क्षेत्रान्तर्गत वैध तरीका से या अवैध तरीका से संचालित है, इसकी जाँच कराई जावे प्रशासनिक अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी आदेश क्रमांक एफ 11-39/2021/सात-4 के तहत कोरिया जिला को विभाजन की आदेश जारी की गयी है। जिसका क्षेत्रफल और जनसंख्या के अनुसार व्यवस्थित जिला है। जिसको विधि विरूद्ध तरीके से विभाजन किया गया है। उक्त विभाजन से संबंधित क्षेत्र के जनताओं एवं नागरिकों को प्रशासनिक सेवा से वंचित होना पड़ रहा हैं। अनुसूचित क्षेत्र होने के नाते प्रशासनिक कर्मचारियों के अभाव में उक्त जिले के नागरिक पूर्व से परेशान हैं। जिले का बंटवारा व विभाजन कर परेशानियों को बढ़ाया गया है।

## एक विकासखण्ड क्षेत्र के नागरिक दो जिला के हो गये

एक विकासखण्ड क्षेत्र के नागरिक दो जिला के हो गये हैं। जिससे कठिनाई उत्पन्न हो रही है। उक्त क्षेत्रों की जनता एवं नागरिकों की मूल अधिकारों का उल्लंघन करता है। यह कृत्य अनु. 13 (2) के तहत निरस्त किया जावे। भारतीय संविधान की पांचवी अनुसूची क्षेत्रों में लागू विधि विधान के विरूद्ध उक्त जिले का विभाजन को निरस्त किया जावे तथा उक्त जिला का विभाजन हेतु जारी आदेश कर्ता एवं हस्ताक्षरकर्ता प्रशासनिक एवं संविधानिक पद धारियों के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट के नियमों का उल्लंघन एवं भारतीय संविधान के नियम विरूद्ध कार्य कारित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध अवमानना का प्रकरण दर्ज किया जावे, संविधान किसी भी देश का मौलिक कानून है। जो सरकार के विभिन्न अंगो की रूप रेखा और मुख्य कार्य का निर्धारण करता है। देश के बाकी सभी कानून और रीति रिवाजों को वैध होने के लिए इसका पालन करना होगा।

# ग्रामीणों ने कहा हमने महिला सरपंच चुनकर भेजा,सरपंच से मुलाकात नहीं होती,जिसे नहीं चुना उनके पति से होती है रोज मुलाकात

**पंचायत में सरपंच की नहीं सरपंच पति की चलती है और सरपंच पति को अपने ही पंचायत की समस्या नहीं दिखती**

-संवाददाता-

**मनेंद्रगढ़,21 जून 2023 (घटती-घटना)।** ग्राम पंचायत चनवारीडान्ड में महिला सरपंच को ग्राम वासियों ने चुनकर पंचायत भेजा है। आलम यह है पंचायत में जब भी ग्राम वासियों को कोई भी कार्य पंचायत में कराना होता है महिला सरपंच ग्राम पंचायत से हमेशा नदारद रहती हैं। यहां तक ग्राम वासियों का कहना है। महिला सरपंच होते हुए भी सरपंच का पूरा कार्य उनके पति अशोक गुप्ता के द्वारा कराया जा रहा है।




कोई भी समस्या हो ग्रामीणों को महिला सरपंच से मिलना चाहते हैं किंतु मिल नहीं पाते। ग्राम पंचायत में पानी की भारी किल्लत है। नल में पानी नहीं घरों में पानी भर जाता है पानी निकालने का बाहर निकालने का कोई व्यवस्था नहीं, ग्राम वासियों को अपनी समस्या बताना है। सरपंच महोदया पंचायत में उपस्थित ही नहीं रहती हैं। ऐसा ग्राम वासियों का कहना है। गांव वालों ने महिला सरपंच को इसलिए चुनकर ग्राम पंचायत में अपनी उपस्थिति दर्ज़ करें क्यों ग्राम पंचायत में अपनी उपस्थिति नहीं दे रही है बहुत बड़ा सवाल है। गांव वालों ने प्रेस मीडिया के माध्यम से कलेक्टर से अपील की है। ग्राम पंचायत में महिला सरपंच पदभार संभाले ना कि अशोक गुप्ता इस पर ग्राम वासियों में काफी आक्रोश है हमने महिला सरपंच को चुनकर भेजा महिला सरपंच हमारी समस्या क्यों नहीं सुन रही हैं।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

-संवाददाता-

**मनेंद्रगढ, 21 जून 2023 (घटती-घटना)।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेंद्रगढ़ द्वारा 21 जून 2021 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया। जिसमें अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में हास्य योगा क्लब के अध्यक्ष जसवीर सिंह कालरा एवं संस्था के अन्य प्रमुख सदस्य थे। सर्वप्रथम विद्यालय की मिडिल स्कूल को-ऑर्डिनेटर श्रीमती रश्मिन्दर कौर चावला के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। तदोपरांत मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

योग दिवस के उपलक्ष्य में योग गीत तथा स्वागत भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ने विभिन्न प्रकार के हास्य योग क्रियाओं की प्रस्तुति दी जिनका अतिथि के रूप में आये विद्यालय के छात्र- छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों तथा समस्त विद्यालय परिवार ने अभ्यास किया। प्रमुख आसन थे मौन हास्य आसन, पंछी उड़ आसन, ताली हास्य योग, बेली हास्य योग इत्यादि। योग के दौरान श्रीमान जसवीर सिंह कालरा ने कई चुटकुले सुनाते हुए सभी के होठों पर मुस्कुराहट बनाए रखी। बीच-बीच में उन्होंने बच्चों को नैतिक शिक्षा की बातें भी बताई। योग का अर्थ यदि शरीर को स्वस्थ बनाना है तो हास्य योग उस क्रिया को दुगना और अधिक क्रियाशील बना देता है। विद्यालय के चेयरमैन श्री रमेश सिंह द्वारा अपने संभाषण में योग की महत्ता तथा योग में हास्य के समावेश पर महत्वपूर्ण प्रकाश डाला गया।




तत्पश्चात विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक श्री प्रेम कुमार वर्मा द्वारा सूर्य नमस्कार करवाया गया तथा धन्यवाद प्रस्ताव विद्यालय के प्रमुख शैक्षणिक प्रभारी डॉ बसंत तिवारी द्वारा दिया गया। इस सुअवसर पर उपस्थित हर एक व्यक्ति ने योग का संकल्प लिया तथा शांति पाठ का उच्चारण किया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 वीं के छात्रों ने कार्यक्रम को ऑनलाइन के माध्यम से भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए विद्यालय के डायरेक्टर व्यंकटेश सिंह तथा पूनम सिंह ने सभी अतिथि गण तथा शिक्षक गण को धन्यवाद प्रेषित किया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में केंद्रीय पंचायत मंत्री गिरिराज सिंह कार्यक्रम में हुए शामिल

- » योग हमारी सभ्यता एवं संस्कृति का हिस्साःगिरिराज सिंह
- » योग से तन और मन रहता है स्वस्थःडॉ. विनय जायसवाल
- » मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल रहे मुख्य अतिथि

-संवाददाता-

**मनेंद्रगढ़,21 जून 2023 (घटती-घटना)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केंद्रीय विद्यालय मनेंद्रगढ़ में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय मनेंद्रगढ़ में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री भारत सरकार गिरिराज सिंह शामिल हुए। केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला, उपसचिव श्री संजय कुमार, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, एसडीएम अभिषेक कुमार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसईसीएल हसदेव क्षेत्र श्री संजय कुमार मिश्रा, पूर्व विधायक मनेन्द्रगढ़ श्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व विधायक भरतपुर चंपा देवी पावले, जनप्रतिनिधि तथा अन्य नागरिको ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस वर्ष एक विश्व एक स्वास्थ्य की थीम पर आधारित हर घर आंगन योग के सन्देश के साथ योग दिवस मनाया गया।



योग कार्यक्रम के अवसर पर केंद्रीय पंचायत मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग हमारे प्राचीन संस्कृति और परम्परा का हिस्सा रहा है। आज बच्चे, युवा, बुजुर्ग, माताएं और बहनें सभी योग कर रहे हैं। योग के नियमित अभ्यास से तनाव से राहत मिलती है। योग से मानसिक एवं शारीरिक रोग-विकारों से मुक्ति मिलती है। मन शांत रहता है। योग से पाचन संबंधी समस्या, ख़राब रक्त परिसंचरण तंत्र, श्वास क्रिया, नींद चक्र, मस्तिष्क कार्यप्रणाली और प्रतिरक्षा में सुधार करता है और एक सम्पूर्ण शारीरिक मुद्रा देता है। ईश्वर का ध्यान कर पूरे मनोयोग से योग साधना करने से व्यक्ति का अनंत ऊर्जा से साक्षात्कार होता है। मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने योग के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, केंद्रीय विद्यालय समिति, एसईसीएल प्रबंधन, पत्रकारों एवं उपस्थित नागरिकों को बधाई दी है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आग्रह किया कि योग को आत्मसात कर जीवन में खुशहाली लायें।

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेंद्रगढ़ में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेंद्रगढ़ में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेंद्रगढ़ में मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएमएससी के संचालक और स्थानीय विधायक डॉ. विनय जायसवाल शामिल हुए। स्वामी अत्मानंद स्कूल मनेन्द्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ डॉ. विनय शंकर, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री कृष्ण मुरारी तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती नयन तारा सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री सी.एस. पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रीतेश राजपूत, खेल अधिकारी श्री गोपाल सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारियो और नागरिको ने योगाभ्यास किया। इस वर्ष एक विश्व एक स्वास्थ्य की थीम पर आधारित हर घर आंगन योग के सन्देश के साथ योग दिवस मनाया गया ।मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने हर घर आंगन योग का संदेश दिया है। निरोग रहने के लिए योग सबसे अच्छा साधन है। योग करके हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य रह सकते हैं। वर्तमान समय में मानसिक शांति के लिए योग एवं प्राणायाम को अपने दिनचर्या में शामिल करें। योग से शरीर के साथ मन भी स्वास्थ्य रहता है जिससे सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आग्रह किया कि योग को आत्मसात कर जीवन को खुशहाली लायें। डॉ. विनय जायसवाल ने योग दिवस के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं उपस्थित नागरिकों को बधाई दी। विश्व योग दिवस के अवसर पर सभी शासकीय विभागों, पंचायतों और नगरीय निकायों में योगाभ्यास कर हर्षोल्लास के साथ योग दिवस मनाया गया।

# विद्यालय की दर्ज संख्या है 100 से अधिक फिर भी विभागीय अधिकारी छात्रों के भविष्य को लेकर नहीं दिखाई दे रहे हैं गंभीर

## अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई नहीं ले रहा सुध,एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया...

- » प्राथमिक शाला बरदिया अतिरिक्त कक्ष की तस्वीर आई सामने,जर्जर हालत में है कक्ष
- » प्राथमिक शाला बरदिया की ही एक शिक्षिका को छात्रावास में किया गया है संलग्न,चार वर्षों से संलग्न हैं शिक्षिका
- » वर्तमान में पदस्थ शिक्षकों में से ही एक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया,विद्यालय से कई दी गई उच्च अधिकारियों को सूचना





-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,21 जून 2023

(घटती-घटना)। कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरदिया का प्राथमिक शाला विभागीय अधिकारियों की उदासीनता का शिकार होता जा रहा है और उच्च अधिकारी हैं की उन्हे विद्यालय और वहां अध्ययनरत छात्र छात्राओं के भविष्य से कोई लेना देना नहीं है और वह विद्यालय के प्रति उदासीन बने हुए हैं। एक तरफ विद्यालय में 100 से अधिक छात्र छात्राएं पढ़ने आते हैं वहीं विद्यालय में कक्षों का अभाव है,विद्यालय का अतिरिक्त कक्ष कब धराशाई हो जाए यह भी कोई नहीं जानता जबकि कई बार इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों और उच्च कार्यालयों को शिक्षकों द्वारा दी गई है जैसा की शिक्षकों ने ही बताया है। अब जबकि बरसात शुरू होने वाली है और विद्यालय का अतिरिक्त कक्ष धराशाई होने की कगार पर है ऐसे में कैसे बच्चे विद्यालय में बैठकर पढ़ेंगे यह बड़ा सवाल है वहीं एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर जानकारी देते हुए यह भी बताया की विद्यालय की एक शिक्षिका को वर्ष 2019 से कन्या छात्रावास में संलग्न कर दिया गया है जिससे विद्यालय में शिक्षकों की भी कमी हो गई है और सभी कक्षाओं का संचालन एक साथ संभव नहीं हो पा रहा है।

### अतिरिक्त कक्ष की हालत जर्जर,कभी भी हो सकता है धराशाई

स्कूल का अतिरिक्त कक्ष कब धराशाई हो जाए यह देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है ऊपर से अब बरसात भी नजदीक है। एक शिक्षक ने बताया की दर्ज संख्या अधिक होने की वजह से अतिरिक्त कक्ष का भी उपयोग बच्चों को बैठाने के लिए किया जाता है और अभी हो हाल है उसको देखते हुए संभव नहीं है की अतिरिक्त कक्ष में बच्चों को बैठाया जाए,कब जर्जर कक्ष धराशाई हो जाए यह कहा नहीं जा सकता और इस स्थिति में बड़ी दुर्घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

### अधिकारियों सहित उच्च कार्यालय को कई बार कराया जा चुका है अवगत,नहीं देते ध्यान

वहीं बताने वाले ने यह भी बताया की कई बार विद्यालय से उच्च अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है और जर्जर अतिरिक्त कक्ष की जानकारी दी जा चुकी है लेकिन अधिकारी साथ ही उच्च कार्यालय मामले में ध्यान नहीं देते हैं और दी गई सूचना का कोई हल नहीं निकल पा रहा है।

### वर्ष 2019 से विद्यालय की एक शिक्षिका छात्रावास में हैं संलग्न, विद्यालय में शिक्षकों की भी है कमी

बताया यह भी गया की एक शिक्षिका जो उसी विद्यालय में पदस्थ है को छात्रावास में संलग्न किया गया है और जिसकी वजह से विद्यालय में शिक्षकों की भी कमी बनी हुई है। उक्त संदर्भ में भी उच्च अधिकारी ध्यान नही देते और शिक्षिका चार वर्षो से छात्रावास का प्रभार देख रहीं हैं वहीं विद्यालय में शिक्षकों की कमी बनी हुई है।

### 100 है विद्यालय की दर्ज संख्या

विद्यालय में वर्तमान में 100 बच्चे अध्ययनरत हैं और जिसके अनुरूप भवन साथ ही शिक्षकों का अभाव है। भवन सहित शिक्षकों की जरूरत विद्यालय में है यह भी उक्त शिक्षक ने ही बताई और उच्च अधिकारी इस ओर ध्यान दें यह शिक्षकों की मंशा है।

क्या उदासीन रहकर जिले की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे अधिकारी?- जिले की शिक्षा व्यवस्था का हाल यह है की शिक्षकों द्वारा जानकारी देने के बाद भी स्कूलों की व्यवस्था में सुधार हो इसको लेकर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहें हैं,अब क्या उदासीन रहकर जिले की शिक्षा व्यवस्था को ऊंचा उठा सकेंगे अधिकारी यह बड़ा सवाल है। जबकि अधिकारियों को शिक्षकों की मांगों पर ध्यान देना चाहिए और स्कूलों की समस्याओं का निदान करना चाहिए।

# बालको ने चोटिया क्षेत्र में किया मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

-संवाददाता-

कोरबा 21 जून 2023 (घटती-घटना)। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चोटिया के लालपुर गांव में मेगा हेल्थ कैंप किया आयोजित । समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए शिविर में चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। कैंप से लगभग 330 नागरिक लाभान्वित हुए। शिविर में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, ग्रामीण स्वास्थ्य समन्वयकों, सहायक कर्मचारियों और नर्सों की एक समर्पित टीम ने समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य उपचार दिया। उन्होंने जरूरतमंद लोगों को आवश्यक दवाएं मुफ्त में प्रदान की।सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही मेगा हेल्थ कैंप में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। लाभार्थी सरकारी सहायता से स्वास्थ्य देखभाल के लिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं। स्वास्थ्य शिविर में चोटिया के साथ-साथ 4 पंचायतों और 7 गाँवों के लोग शामिल हुए जिसमें उनकी आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को सुनिश्चित किया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक भलाई और समृद्धि हमारी कंपनी की दृष्टिकोण के प्रतिबद्धता की आधारशिला है। कंपनी व्यक्तियों को सशक्त बनाने और समुदायों को बढ़ावा देने में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के महत्व को समझता है। सभी के एकजुट प्रयासों से चोटिया में मेगा हेल्थ कैंप से सकारात्मक परिवर्तन संभव है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बालको प्रबंधन कटिबद्ध है। घुचापुर के सरपंच श्री रति राम ने मेगा हेल्थ कैंप की सराहना करते हुए कहा कि बालको के इस पहल ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हमारे दरवाजे तक पहुंचा दिया है जिससे सभी को लाभ हुआ है। हेल्थ कैंप ने स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी और जागरूकता में सुधार किया है। हम चोटिया में कैंप आयोजित करने के लिए बालको और जिला स्वास्थ्य विभाग के बहुत आभारी हैं और आशा करते हैं कि भविष्य में इस तरह की पहल जारी रहेगी।




# जिले के व्यापारी संघों ने कैंडल मार्च निकालकर आगजनी में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



-संवाददाता-
कोरबा,21 जून 2023

(घटती-घटना)। कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स में विगत दिनों भीषण आगजनी की दुर्घटना हुई थी, जिसमें 3 लोग मौत के मुंह में समा गए एवं व्यापारियों को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ।इस आगजनी की घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों द्वारा, घटनास्थल से लेकर ट्रांसपोर्ट नगर चौक पर कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मानवीय चूक के कारण यह घटना घटित हुई। आग लगने की शुरुआती दौर पर अगर लोग तत्परता दिखाते और उसी समय आग पर काबू करने का प्रयास किया होता तो, शायद इतनी बड़ी दुर्घटना नहीं होती और ना ही किसी की जान जाती। इस आगजनी में जहां 03 लोगों की मौत हुई वही कोरबा के व्यापारियों को करोड़ों का नुकसान हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पर सीएसईबी ग्राउंड में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा,21 जून 2023



(घटती-घटना)। योग शब्द का अर्थ ही है जोड़ना, योग से तन-मन और आत्मा को जोड़ा जाता है। योग के माध्यम से शरीर के विभिन्न तंत्र जैसे संधि तंत्र, श्वसन तंत्र, पाचन तंत्र, तंत्रिका तंत्र, ज्ञानेन्द्रिय तंत्र आदि तंत्रों का सुचारू संचालन होता है। इसलिए ही कहा जाता है कि योग जीवन जीने की कला है। उक्त बातें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कही।

श्री प्रसाद ने लोगों की व्यस्ततम् जीवन शैली का वर्णन करते हुए जीवन में योग के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हमें दैनिक जीवन में योग को अवश्य शामिल करना चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला कंवर ने कहा कि लोगों के जीवन में खानपान की शैली में पहले से बहुत बदलाव आ गया है। कई भोज्य पदार्थों में हानिकारक रसायन रहते हैं, जिसका गलत प्रभाव शरीर पर पड़ता है। लेकिन हम योग को अपना कर अपने शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत जरूरी है।कलेक्टर श्री संजीव झा ने कहा कि योग एक प्राचीन पद्धति है। योग अपने शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा माध्यम है। योग से नई शक्ति का संचार होता है। जिससे कार्यक्षमता बढ़ती है। विगत 09 वर्षों में योग को विश्व स्तर पर ख्याति मिली है। योग एक वैज्ञानिक पद्धति है। आज लोग योग के बारे में जानते हैं, योग सर्वव्यापक है। पाश्चात्य दर्शन के अनुसार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एरोबिक्स, जिमनास्टिक आदि को जरूरी बताया गया है। इसी को लोग अच्छा मानते थे। लेकिन आज दुनिया ने जाना है कि शारीरिक, मानसिक विकास के साथ ही आध्यात्मिक विकास के लिए योग ही सबसे बेहतर है। इस हेतु अब नई पीढ़ी भी योग से जुड़ रहे है और बड़े उत्साह से योग सीख रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि कई तरह के रोगों को योग के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। प्रतिदिन योग करने से हमारा शरीर हमेशा स्वस्थ रहता है एवं मन में सकारात्मक ऊर्जा का नियमित प्रवाह होता है। कोरोना जैसी विभिषिका के समय भी लोगों को सलाह दी जाती थी कि शरीर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए, प्राणवायु बढ़ाने के लिए योग अपनाएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी योगमय जीवन अपनाने का संकल्प करें।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर ने कलेक्टर श्री संजीव झा की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। राजगीत की प्रस्तुति के साथ ही कार्यक्रम की विधिवत् शुरूआत हुई। जिला योग प्रभारी योगाचार्य श्री रामेश्वर पाण्डेय ने नवम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के विभिन्न आसन कराए। स्कूली छात्र-छात्राओं, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों के साथ जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने योग आसन करके लोगों के जीवन पद्धति में योग शामिल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत योग के विभिन्न आसनों के अंतर्गत सुखासन, वृक्षासन, पद्मासन, ताड़ासन, वज्रासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन, प्राणायाम, कपाल भारती, अनुलोम-विलोम आदि योगासन कराए। योग प्रभारी ने स्वयं योग करते हुए इन आसनों से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ की विस्तृत जानकारी दी तथा आसनों के महत्व को बताया। इस दौरान छत्तीसगढ़ योग ओलंपियाड के विनोद रत्नाकर के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने योग की विभिन्न कठिन आसनों का अद्भुत प्रदर्शन किया।जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में सभापति श्यामसुंदर सोनी, नगर निगम के एमआईसी सदस्य संतोष राठौर, पुलिस अधीक्षक श्री उदय किरण, जिला पंचायत के सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, विजेंद्र पाटले, नगर निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम कोरबा श्रीमती सीमा पात्रे सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या नगरवासी उपस्थित थे।

# भाजपा कटघोरा द्वारा लाभार्थी सम्मेलन का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा,21 जून 2023



(घटती-घटना)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्र आयोजन आयोजित कर केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक पहुंचाने का काम कर रही है । इसी कार्यक्रम के तहत कटघोरा विधानसभा के छुरी में विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजन में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने केंद्र शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे आवास योजना से तीन करोड़ गरीब परिवार को पक्का मकान, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, नल जल योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि क्षेत्र में कार्य, स्वच्छ भारत मिशन आदि योजनाओं पर प्रकाश डाला, साथ ही कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व क्षमता का दुनिया का सबसे बड़े वैक्सीनेशन अभियान के तहत 220 करोड़ से अधिक कोविड वैक्सीन डोज दिए। भारतीय जनता पार्टी कोरबा जिले के सह प्रभारी श्री गोपाल साहू ने कहा कि मोदी जी ने देश को हर दृष्टि से मजबूत बनाया है और आज यही कारण है की मोदी जी के कुशल नेतृत्व क्षमता का लोहा पूरी दुनिया मानती है ।वही कोरबा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी ज्योति नंद दुबे ने वर्तमान प्रदेश सरकार को भ्रष्ट बताते हुए कहा ही प्रदेश की भूपेश सरकार घोटालेबाज सरकार है लगातार प्रदेश में शराब घोटाला, कोयला सीमेंट घोटाला, चावल घोटाला, गौठान घोटाला, डी एम एफ घोटाला, पीएससी घोटाला के रूप में प्रदेश को लूट रही है ।भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री श्री संतोष देवांगन ने कहा की शराब बंदी,युवा बेरोजगारी को नौकरी या भत्ता, किसानों को बोनस ना दे कर झूठा वादा करके प्रदेश की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का काम भूपेश सरकार ने किया है । आयोजन के बाद लाभार्थियों को सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला संगठन सह प्रभारी गोपाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, कोरबा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी ज्योतिनंद दुबे, भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन, धन्नू दुबे मंडल अध्यक्ष कटघोरा, हरीश थारवानी मंडल अध्यक्ष हरदीबाजार, लक्ष्मीकांत जगत मंडल अध्यक्ष बांकी मोंगरा, विकास झा प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो, प्रेमचंद पटेल जिला पंचायत सदस्य, राम प्रसाद कोर्राम जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा, गोविंद सिंह कंवर जनपद उपाध्यक्ष, अजय दुबे सहित पार्टी कार्यकर्ता व सैकड़ों की संख्या में लाभार्थी गण शामिल हुए।

# रोटरी क्लब एवं अग्रवाल समाज द्वारा दिव्यांग सामूहिक विवाह का किया जा रहा आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा,21 जून 2023



(घटती-घटना)। रोटरी क्लब कोरबा एवं अग्रवाल सभा कोरबा द्वारा पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया गया के दिनांक 23जून2023 को दोनो संस्थाओं के आपसी सहयोग से पहली बार जिले में दिव्यांग सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है द्य यह आयोजन राज्य स्तर पर किया जा रहा, जिसके लिए संस्था के पदाधिकारियों ने समस्त समाज के लोगों से आग्रह किया है की यदि कोई परिवार इस विवाह समारोह में आपने दिव्यांग बच्चों की विवाह करने को लेकर इच्छुक हो तो वे संस्था में पंजीयन करवाएं जिससे इस सामूहिक विवाह का लाभ उन्हें मिल सके द्य इसमें जोड़ों में से एक भी व्यक्ति यदि दिव्यांग है तो वो जोड़ा भी इस आयोजन में भाग ले सकता है । इस दौरान रोटरी क्लब कोरबा के अध्यक्ष ने सामूहिक विवाह आयोजन के कार्यक्रमो की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया के दिनांक 23जून को अग्रेशन भवन कोरबा में सुबह 09बजे से वैवाहिक कार्यक्रम का सुभारम्भ किया जाएगा जिसमे बारात आगमन सुबह 10 से 10.30बजे के बीच होगा जो की अग्रोहा भवन से निकल कर अग्रेशन भवन तक आयेगी तत्पश्चात सुबह 11.00 बजे माननीय प्रदेश राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्यआतिथ्य में यह शुभ सामूहिक दिव्यांग वैवाहिक कार्यक्रम पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों एवं सभी सामाजिक सगठनों से आग्रह किया है की यदि इस नेक आयोजन में शरीक होकर अपना आशीर्वाद इन दिव्यांग जोड़ों को दे, साथ ही कोई इस आयोजन में सहायता करना चाहे तो वे सदैव आमंत्रित है । उन्होंने इस दौरान बताया की अब तक 16 जोड़ों की पंजीयन विभिन्न जिलों से हो चुकी है द्य इस सामूहिक विवाह में समिल्लित होने के लिए लड़की की उम्र 23 जून 2023 तक 18 वर्ष एवं लड़के का उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है। विवाह पंजीयन के लिए लड़के-लड़की की आधार कार्ड एवं घर के बुजुर्गों या माता-पिता की सहमति अनिवार्य होगी। इस दौरान अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष श्री श्रीकांत बुधिया ने इस दिव्यांग सामूहिक विवाह के आयोजन के व्यवस्था को लेकर जानकारी देते हुए कहा के इस विवाह में वर पक्ष एवं बधू पक्ष के रहने खाने की व्यवस्था अग्रवाल सभा के द्वारा किया जायेगा साथ ही वर पक्ष से अधिक तम 05 व्यक्ति के रहने की व्यवस्था की जाएगी वहीं बधू पक्ष से भी 05 व्यक्तियों को ठहरने की व्यवस्था की गई है जो पूर्ण रूप से नि:शुल्क होगा साथ ही नव जोड़ों को आशीर्वाद राशि के अलावा विवाह सर्टिफिकेट भी संगठन की और से दिया जाएगा द्य पहली बार इस तरह का दिव्यांग सामूहिक विवाह का आयोजन किए जाने से प्रत्यक समाज के साथ साथ जिले के लोगों में भी हर्ष व्याप्त है यह जिले के लिए एक अनोखा वैवाहिक कार्यक्रम होगा द्य इस पत्रकार वार्ता के दौरान रोटरी अध्यक्ष श्री बी बी बोर्डे ,अग्रवाल सभा अध्यक्ष श्री श्रीकांत बुधिया ,सचिव रोटरी नितिन चतुर्वेदी,संजय बुधिया, बजरंग अग्रवाल, मनीष अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे ।

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान,जिला सूरजपुर,छ.ग.**

रा.प्र.क्र./अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत सोनपुर को सूचित किया जाता है कि श्री लवन सिंह पिता स्व0 ज्वाहर सिंह निवासी सोनपुर के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं0 1107/2 मे0से0 रकबा 0.04 हे0 जो ग्राम सोनपुर प0ह0नं0 05 रा0नि0मं0 शिवप्रसाद नगर तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भूमि-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत क्षे0 सोनपुर के किसी भी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 26/06/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान,जिला सूरजपुर,छ.ग.**

रा.प्र.क्र./अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत बंजा को सूचित किया जाता है कि श्री धनेश्वर राम पिता/पति श्री स्व0 ददई राम निवासी बंजा के द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं0 159 मे0से0 रकबा 0.06 हे0 जो ग्राम बंजा प0ह0नं0 10 रा0नि0मं0 शिवप्रसाद नगर तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भूमि-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत क्षे0 बंजा के किसी भी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 26/06/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202306020700071**

विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023

अम्बिकापुर प.ह.न. 00015(हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- तेहरूननिशा
अनावेदक पक्षकार- मो0सलीम

**इश्तहार**

आवेदक तेहरूननिशा पत्नी स्व0 मो0 सज्जाद अंसारी व अन्य, निवासी बौरीपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2163/54 रकबा 0.012 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश अनावेदक का नाम दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर अपने नाम में दर्ज कर त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो पेशी दिना 12/07/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/06/2023 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार सरगुजा (अम्बिकापुर)




# भारत ने बांग्लादेश को 31 रन से हरा कर महिला एमर्जिंग एशिया कप जीता

## भारत को बांग्लादेश के खिलाफ फाईनल मैच जिताने में श्रेयंका पाटिल और मन्नत कश्यप की फिरकी के जादू का कमाल रहा

**मांगकॉक (हांगकांग), 21 जून 2023।** श्रेयंका पाटिल और मन्नत कश्यप की फिरकी के जादू से भारत ने बुधवार को यहां बांग्लादेश को फाइनल में 31 रन से हराकर महिला एमर्जिंग एशिया कप टी20 खिताब जीत लिया।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 127 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया और फिर श्रेयंका (13 रन पर चार विकेट) और मन्नत (20 रन पर तीन विकेट) की फिरकी की बदौलत बांग्लादेश को 19.2 ओवर में 96 रन पर ढेर कर दिया।

ऑफ स्पिनर कनिका आहुजा ने भी 23 रन देकर दो विकेट चटकाए।

श्रेयंका, मन्नत और कनिका की स्पिन तिकड़ी ने मिशन रोड ग्राउंड की धीमी पिच पर बांग्लादेश की बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया।

नाहिदा अख्तर ने बांग्लादेश की ओर से सर्वाधिक नाबाद 17 रन बनाए जबकि शोभना मोस्तरी ने 16 रन की पारी खेली।

इससे पहले दिनेश वृंदा 29 गेंद में 36 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि कनिका ने 23 गेंद में नाबाद 30 रन बनाए।

बांग्लादेश की गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा।

वृंदा और कनिका के अलावा भारत की ओर से विकेटकपर यू छेत्री (22) और कप्तान श्वेता सहरावत (13) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाईं।

बांग्लादेश की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा ने 13 रन देकर दो जबकि ऑफ स्पिनर सुल्ताना खातून ने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए।

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ने के बाद फाइनल में जगह बनाई थी।

भारत ने फाइनल से पहले सिर्फ एक मैच मेजबान हांगकांग के खिलाफ खेला। टीम का यह टूर्नामेंट में पहला मैच था जो उसने नौ विकेट से जीता।

इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल सहित भारत के तीन मैच एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गए।

बारिश के करण टूर्नामेंट में आठ मैच नहीं खेले जा सके।

# हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023:अपने पहले मैच में चीन का सामना करेगा भारत



**चेन्नई , 21 जून 2023।** एशियन हॉकी फेडरेशन ने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के आगामी संस्करण के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट की शुरुआत 3 अगस्त को कोरिया और जापान के बीच पहले मैच से होगी, इसके बाद इसी दिन दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना मलेशिया से होगा, जबकि दिन के तीसरे मैच में मेजबान भारतीय टीम का सामना चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में चीन से होगा।

हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023, 3 अगस्त से शुरू होगी और 12 अगस्त तक चलेगी। टूर्नामेंट में छह टीम कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, चीन और भारत हिस्सा ले रहे हैं। सभी टीमें एक ही पूल का हिस्सा हैं और अंक तालिका में स्थान लीग प्रणाली द्वारा तय किए जाएंगे।हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में डिफेंडिंग चैंपियंस दक्षिण कोरिया है, जिसने टूर्नामेंट का 2021 संस्करण जीता था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम (2011, 2016 और 2018) और पाकिस्तान (2012, 2013 और 2018) दोनों ने तीन-तीन खिताब जीते हैं।

इस अवसर पर, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ.दिलीप तिर्की ने कहा, हम हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 की मेजबानी करके बहुत खुश हैं और कार्यक्रम की घोषणा करना एक ऐतिहासिक दिन है। हालांकि मैं निश्चित रूप से भारतीय पुरुष हॉकी टीम को खिताब जीतते देखना पसंद करूंगा, मुझे यकीन है कि सभी देश अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।एशियन हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष दातो फुमियो ओगुरा ने कहा, हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैच शेड्यूल की घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हॉकी का एक असाधारण उत्सव होने का वादा करता है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारा दृष्टिकोण खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों के लिए समान रूप से एक अविस्मरणीय अनुभव बनाना है।हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 की मेजबानी करना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है और हम टूर्नामेंट के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के कार्यक्रम की घोषणा टूर्नामेंट से पहले अंतिम चरण की शुरुआत का संकेत देती है। हम कुछ शानदार हॉकी देखने का और इंतजार नहीं कर सकते।तमिलनाडु हॉकी इकाई के अध्यक्ष शेखर जे मनोहरन ने कहा, हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई के लिए अंतरराष्टीय हॉकी का भव्य स्वागत करने का मौका है। और हमें खुशी है कि टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा की गई है क्योंकि यह पहले से ही उत्सुक प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाता है। टूर्नामेंट में मैचों के एक मनोरंजक सेट के लिए सभी सामग्रियां मौजूद हैं, और हम तैयारी के अंतिम दौर के बाद टूर्नामेंट के शुरू होने का और इंतजार नहीं कर सकते।






# प्रणय और कश्यप ताइपे ओपन के प्री क्वॉर्टर फाइनल में

**ताइपे , 21 जून 2023।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों एचएस प्रणय और पारूपल्ली कश्यप ने बुधवार को यहां अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ ताइपे ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को स्थानीय खिलाड़ी लिन यू सिएन को इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में सिर्फ 26 मिनट में 21-11 21-10 से हराने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले तीसरे वरीय प्रणय अगले दौर में चेन ची टिंग और टॉमी सुगियार्तो के बीच पहले दौर के मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता कश्यप ने भी जर्मनी के सैमुअल सियाओ के खिलाफ सीधे गेम में 21-15 21-16 की आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। वह प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सू ली यैंग से भिड़ेंगे।

एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यन को हालांकि जापान के छठे वरीय केंटा सुनयामा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

सुनयामा ने एकतरफा मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी को 21-13 21-5 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# एशियन गेम्स में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे रोहन बोपन्ना और अंकिता

**नयी दिल्ली,21 जून 2023।** युगल विशेषज्ञ रोहन बोपन्ना एक बार फिर एशियाई खेलों की टेनिस स्पर्धा में भारतीय उम्मीदों के ध्वजवाहक होंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने इन खेलों के लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की। एशियाई खेल 23 सितंबर से हांगजोऊ में शुरु होंगे जिसमें पुरुषों की टीम में 43 वर्षीय बोपन्ना के अलावा सुमित नागल, शशिकुमार मुकुंद, डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन, युकी भांबरी और साकेत मायनेनी शामिल हैं। महिलाओं के दल की अगुआई पिछले एशियाई खेलों की एकल कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना करेंगी।





एआईटीए के बयान के अनुसार टीम की अन्य सदस्य करमन कौर थांडी, रूतुराज भोसले, सहजा यमलापल्ली, वैदेही चौधरी और प्रार्थना थोम्बरे हैं।

भारत ने जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते थे जिसमें बोपन्ना और दिविज शरण की जोड़ी ने कजाखस्तान के एलेक्सजैंडर बुलबिक और डेनिस येव्सेयेव को हराकर युगल स्वर्ण पदक जीता था। पुरुषों के एकल में प्रजनेश गुणेश्वरन ने कांस्य पदक जीता था। पूर्व भारतीय खिलाड़ी रोहित राजपाल को कप्तान नियुक्त किया गया जबकि अंकिता भांबरी महिलाओं की टीम की कप्तान होंगी। बयान के अनुसार, ''पेशेवर चयन समिति (एआईटीए) के चेयरमैन नंदन बाल ने समिति सदस्यों और टीम कप्तानों के महत्वपूर्ण सुझावों पर विचार करने के बाद खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश की।

# योग हमें तनाव से निपटने में मदद करता है,दिमाग और शरीर को फिट रखता है

**बेंगलुरू ,21 जून 2023।** पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि योग भारतीय हॉकी टीमों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है और इस प्राचीन पद्धति से खिलाड़ियों को तनाव कम करने और अपने दिमाग तथा शरीर को फिट रखने में मदद मिल रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी खिलाड़ियों ने योग को अपनी अभ्यास प्रणाली का हिस्सा बनाया है। हार्दिक ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कहा, ''सबसे पहले जब हमें योग कराया गया तो हमें लगा कि यह बहुत धीमा है और सभी आसन को ठीक से करना आसान नहीं है। हमारे में से कई लोगों ने योग का एक घंटे का अभ्यास करने की जगह जिम में वजन उठाना पसंद किया।''



उन्होंने कहा, ''लेकिन आखिरकार हमने महसूस किया कि योग के अभ्यास से ध्यान की शक्ति में जबर्दस्त मदद मिली है। व्यक्तिगत रूप से यह मुझे बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है और विशेष रूप से विश्व कप के दौरान मेरी चोट के बाद योग ने मुझे उबरने की प्रक्रिया में मदद की। मैं योग सत्र के बाद बहुत अधिक सहज महसूस करता हूं और इससे हमें बेहतर ध्यान केंद्रित करने में भी मदद मिली है।'' सीनियर महिला टीम की उप कप्तान नवनीत कौर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए और सभी से योग का अभ्यास करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, ''योग हमारी साप्ताहिक दिनचर्या का हिस्सा है और इसने हमें अपने तनाव के स्तर को प्रबंधित करने में बहुत मदद की है। यह हमारे शरीर को आराम देता है, विशेष रूप से कड़े सत्र के बाद, और कुछ आसन ने हमारे लचीलेपन में बहुत मदद की है।'' महिला टीम वर्तमान में स्पेन दौरे से पहले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए साइ के बेंगलुरू केंद्र में है। यूरोप में अपने प्रो लीग अभियान के बाद पुरुषों की टीम दो सप्ताह के ब्रेक पर है।

# पीसीबी के अगले अध्यक्ष नहीं होंगे नजम सेठी

**» घमासान के बीच 6 महीने भी नहीं संभाल सके कुर्सी**

**लाहौर ,21 जून 2023।** एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में जोरदार घमासान मचा हुआ है। एक तरफ एशिया कप के आयोजन को लेकर लगातार सुर्खियां बन रही है। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट में नई समस्या आ गई है। इसके साथ ही ये साफ हो गया है कि पाकिस्तान क्रिकेट में इन दिनों कई तरह की उथल पुथल देखने को मिल रही है।




पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अंतरिम प्रमुख नजम सेठी ने पीसीबी अध्यक्ष पद की दौड़ से हटने का ऐलान कर दिया है। यानी वो सिर्फ छह महीने तक ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की जिम्मेदारी संभालने के बाद इस पद से हट जाएंगे। उन्होंने साफ किया है कि वो बोर्ड में स्थायी पद पर नहीं रहना चाहते है।

गौरतलब है कि रमीज राजा को हटाकर ही नजम सेठी ने पीसीबी के अंतरिम अध्यक्ष पद की कुर्सी हासिल की थी। इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अंतरिम प्रमुख नजम सेठी ने पीसीबी अध्यक्ष पद की दौड़ से हटते हुए मंगलवार को कहा कि वह बोर्ड में स्थायी पद नहीं चाहते। सेठी ने कहा कि वह देश के आला राजनेताओं (पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष आसिफ जरदारी और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ) के बीच मतभेद का कारण नहीं बनना चाहते। यानी नजम सेठी जरदारी और शरीफ के बीच किसी तरह के विवाद का विषय बनने के लिए तैयार नहीं है। वहीं इसके बाद पीसीबी के अगले अध्यक्ष पद के लिये जाका अशरफ का रास्ता साफ हो गया। सेठी ने देर रात ट्वीट किया,''सभी को सलाम। मैं आसिफ जरदारी और शाहबाज शरीफ के बीच लड़ाई का कारण नहीं बनना चाहता। पीसीबी के लिये इतनी अनिश्चितता और अस्थिरता अच्छी नहीं है। इन हालात में मैं पीसीबी के अगले अध्यक्ष पद का दावेदार नहीं हूं। सभी को शुभकामनायें।'' हाल ही में पाकिस्तान में सत्तारूढ गठजोड़ सरकार में टकराव की नौबत आ गई जब पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी दोनों ने अपने नुमाइंदे को पीसीबी अध्यक्ष पद की दावेदारी में उतारने की बात कही।

# 28 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी



ऐ दिल है मुश्किल के बाद करण जौहर ने बतौर निर्देशक 7 साल बाद वापसी की है। उनके द्वारा निर्देशित रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीजर आज जारी किया गया है। टीजर को शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। करण जौहर की इस फिल्म में जहाँ आलिया भट्ट और रणवीर सिंह नजर आएंगे वहीं दूसरी ओर इस फिल्म में धर्मेन्द्र, जया बच्चन, शबाना आजमी भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। यह करण जौहर स्टाइल की रोमांटिक ड्रामा कहानी है। टीजर को देखते ही दर्शकों को करण जौहर की कई रोमांटिक फिल्मों की याद आ जाती है। रॉकी और रानी के टीजर में फैमिली, ड्रामा, मसाला और रोमांस सब कुछ देखने को मिल रहा है। टीज़र इन शब्दों के साथ शुरू होता है करण जौहर आपको प्यार और परिवार का जश्न मनाने के लिए आमंत्रित करते हैं, दो भावनाएँ जो अब हर धर्मा फिल्म का पर्याय बन गई हैं। टीजर प्रदर्शन के साथ ही वायरल हो गया है। यह सबको पसन्द आने वाला है। यह फिल्म इस वर्ष 28 जुलाई को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म के साथ करण फिल्ममेकर के तौर पर अपने बॉलीवुड में 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म कुछ-कुछ होता है 1998 में प्रदर्शित हुई थी। शाहरुख खान ने भी रॉकी और रानी का टीजर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। किंग खान ने टीजर को शेयर करते हुए करण जौहर की तारीफ भी है। शाहरुख ने लिखा, वॉव करण एक फिल्ममेकर के तौर पर आपने 25 साल पूरे कर लिए। तुमने एक लंबा रास्ता तय कर लिया। तुम्हारे पिता और और मेरे टॉम अंकल स्वर्ग से इसे देख रहे होंगे और बेहद खुश और गर्व महसूस कर रहे होंगे। मैंने हमेशा आपको ज्यादा फिल्में बनाने के लिए कहा है क्योंकि हमें प्यार के जादू को जीवन में लाने की जरूरत है। ये सिर्फ आप ही कर सकते हो। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीजर खूबसूरत दिख रहा है। आपको ढेर सारा प्यार, कास्ट और क्रू को शुभकामनाएं। शाहरुख के इस प्यारे नोट पर करण ने रिप्लाई करते हुए लिखा, 'भाई आई लव यू। अभी और हमेशा के लिए।'आपको बता दें कि करण रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ आलिया और रणवीर की जोड़ी को एक बार फिर स्क्रीन पर लाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं।

# ईशान्या ने बिकिनी पहन सोशल मीडिया पर लगाई आग



दक्षिण भारत की खूबसूरत और बोल्ड एक्ट्रेस ईशान्या माहेश्वरी आए दिन अपनी बिकिन लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचती रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस अपने काम से ब्रेक लेकर वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से एक्ट्रेस ने अपनी बोल्ड फोटोज शेयर की हैं। साउथ एक्ट्रेस ईशान्या माहेश्वरी का इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड बिकिनी फोटोज से भरा हुआ है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को देखकर लगता है कि उन्हें वेकेशन एन्जॉय करना बेहद पसंद है। हाल ही में एक्ट्रेस ईशान्या माहेश्वरी ने अपने दुबई वेकेशन की कुछ फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉट और ग्लैमरस अदाएं देखकर फैंस आहें भर रहे हैं। साथ ही उनके लुक्स को ने उन्हें दीवाना बना दिया है। ईशान्या माहेश्वरी ने अपनी इन लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ऑरेंज कलर की स्टाइलिश बिकिनी पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। अपने इस लुक में ईशान्या परफेक्ट टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। ओपन कर्ली हेयर, आखों में सनग्लासेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ईशान्या माहेश्वरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी अच्छी-खासी है।

# यशराज के बैनर तले डेब्यू करने जा रहे अहान पांडे

यशराज फिल्म्स के प्रमुख आदित्य चोपड़ा ने इंडस्ट्री में कई नए सितारों को लॉन्च किया और उन्हें सुपरस्टार बना दिया। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा को भी इंडस्ट्री में लाने वाले आदित्य ही थे, वहीं अब वह एक स्टार किड को ब्रेक देने की तैयारी में हैं। दरअसल, खबर आ रही है कि आदित्य अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे को अपने बैनर तले लॉन्च करने जा रहे हैं, जिसकी तैयारी 3 साल से चल रही थी।



रिपोर्ट्स के अनुसार, अहान पिछले 3 सालों से आदित्य के मार्गदर्शन में काम कर रहे हैं। अहान ने आदि को प्रभावित किया था। आदित्य का मानना है कि अहान आने वाले वर्षों में भारत के शीर्ष सितारों में अपनी जगह बनाने में सफल हो सकते हैं। सूत्र के मुताबिक, अहान के लिए यशराज के साथ अपना बॉलीवुड ब्रेक मिलने से बड़ी कोई उपलब्धि नहीं हो सकती थी। उनकी फिल्म अगले साल की शुरुआत में फ्लोर पर जाएगी। आदित्य ने अहान को वाईआरएफ टैलेंट डिवीजन में साइन किया है, जिसको लेकर सूत्र ने कहा, आज के समय में भारत का अगला बड़ा सितारा इसी पीढ़ी से होना चाहिए, जिससे आज के युवाओं से जुड़ सके इसलिए अयान एकदम सही हैं। सूत्र ने कहा, आदित्य का मानना है कि अहान एक मजबूत दावेदार है और सभी की निगाहें भी इस युवा लड़के पर होंगी कि वह अपनी पहली फिल्म से सभी को कैसे प्रभावित करता है। सूत्र ने आगे बताया कि अहान ने पिछले कुछ समय में खुद को बेहतर बनाने पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया। वह मीडिया और सार्वजनिक जगहों से दूर ही रहने का विकल्प चुनते हैं। सूत्र ने आगे कहा, यह न सिर्फ अयान बल्कि यशराज के लिए भी अच्छा है क्योंकि कंपनी हमेशा प्रतिभा और ईमानदारी पर ही दांव लगाती है। यही कारण है कि यशराज देश को कई बेहतरीन सितारे देने में सक्षम रही है।

25 वर्षीय अहान अभिनेता चंकी पांडे के भाई चिक्की पांडे और डीन पांडे के बेटे हैं। ऐसे में वह अभिनेत्री अनन्या के चचेरे भाई लगते हैं। कुछ महीने पहले अपनी बहन अलाना पांडे की शादी के दौरान अयान का डांस वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था और वह काफी समय तक सुर्खियों में बने रहे थे। इसके अलावा अयान अक्सर अपनी बहन अलाना के यूट्यूब व्लॉग में नजर आते हैं और वह इंस्टाग्राम पर भी सक्रिय हैं।

# हर घर-हर आंगन योगःमुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री बोले-योग स्वस्थ,तनावमुक्त और अनुशासित जीवन जीने की एक शैली,निरोग रहने का उत्तम साधन भी...

**रायपुर,21 जून 2023(ए)।** हमारी जीवन शैली का अहम हिस्सा है योग। यह आज से नहीं बल्कि कई



सालों से हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए और योग को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हर घर आंगन योग करने की अपील की है। मुख्यमंत्री बघेल ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने 'हर घर आंगन योग' के प्रति लोगों में जागरुकता लाने की भी अपील की है।

सीएम बघेल ने ट्वीट कर कहा कि, आइये, हम सब मिलकर 'हर घर आंगन योग' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। योग मूल रूप से शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने की एक प्रक्रिया है। इससे शारीरिक शक्ति के साथ हमें सकारात्मकता और आंतरिक भावनात्मक मजबूती भी मिलती है। वास्तव में योग स्वस्थ, तनावमुक्त और अनुशासित जीवन जीने की एक शैली है। उन्होंने कहा कि, योग को निरोग रहने का उत्तम साधन माना गया है। यह भारत की प्राचीन परंपरा है। हमारे ऋषि-मुनियों ने इसके महत्व को बहुत पहले से ही जान लिया था। अब पूरा विश्व योग का महत्व समझ रहा है। सभी लोग अपने स्वास्थ्य के लिए योग करें। योग को अपनाने से शारीरिक ऊर्जा, स्वास्थ्य और प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग स्वस्थ जीवन जीने की कलाःराज्यपाल

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग शिविर में शामिल हुए। उन्होंने राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ मिलकर योगासन और प्राणायाम भी किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा, राज्यपाल के सचिव श्री अमृत खलखो भी उपस्थित थे।

राज्यपाल हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि योग भारत की एक प्राचीन कला है जो हजारों वर्षों से अस्तित्व में है। किन्तु इसे जन ख्याति तब मिली जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर, संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2015 में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। तब से सारे विश्व में लोग न सिर्फ इसे जानने लगे हैं बल्कि लोगों में योग के प्रति रूचि भी बढ़ी है। योग दिवस के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के लाभ के बारे में जागरूकता आयी है। राज्यपाल ने कहा कि योग आध्यात्मिक अनुशासन एवं अत्यन्त सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित ज्ञान है जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। यह स्वस्थ जीवन जीने की कला है।



उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''योगा फॅार वासुधैव कुटुम्बंकम'' है। एक विश्व, एक परिवार के रूप में सबके कल्याण के लिए आज हम लोग एकत्रित होकर योगाभ्यास के इस महत्वपूर्ण यज्ञ में अपनी आहूति दे रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भी आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर पूरी दुनिया को योग का संदेश दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में 180 से अधिक देशों के लोग शामिल हो रहें हैं। यह हमारे देश के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि योग को आसन और प्राणायाम तक ही सीमित ना रखा जाए बल्कि योग की ध्यानावस्था में जाने की विधि को समझने के लिए मेडिटेशन की शिक्षा अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग हमारे शरीर एवं मन, विचार एवं कर्म, मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। यह स्वास्थ्य एवं कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। योग केवल व्यायाम नहीं है बल्कि स्वयं के साथ-साथ विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है।

### प्रदेश के भाजपा-कांग्रेस के नेताओं, अधिकारियों और बड़ी संख्या में लोगों ने किया योगासन

देशभर में आज यानि बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया ज रह है। इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रदेश के भाजपा-कांग्रेस के नेताओं समेत बड़ी संख्या में लोगों ने योगासन किया। रायपुर जिला मुख्यालय के जोरा ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने योग के आसान लगाए। उनके साथ मेयर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के साथ कई नेता और अधिकारियों ने भी योगा अभ्यास किया। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत कोरबा जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी जिला मुख्यालयों में मंत्री, संसदीय सचिव, विधायक, आयोग-प्राधिकरण के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य योग के आसन लगाएंगे। भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने रायपुर के गुजराती स्कूल में योग के आसन लगाए। उनके साथ बीजेपी के कई और नेताओं ने भी योगा अभ्यास किया।

# मुख्यमंत्री की 2200 से ज्यादा घोषणाएं पूर्ण

## बेरोजगारी भत्ता की स्वीकृति के साथ ही कौशल उन्नयन और उनके रोजगार के लिए कार्ययोजना तैयार करें : मुख्य सचिव

- » रीपा को औद्योगिक समूहों और प्राईवेट सेक्टर के साथ जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराएं
- » जल-जनित रोगों से बचाव के लिए सभी जरूरी कदम उठाएं
- » मुख्य सचिव ने संभागायुक्त और कलेक्टरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली बैठक



**रायपुर,21 जून 2023(ए)।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य के सभी संभागायुक्त और जिले के कलेक्टरों से कहा है कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में समुचित प्रयास किए जाए। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को स्टार्टअप रोजगार हेतु ऋण एवं इक्विटी सहायता तथा उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए समन्वित कार्ययोजना के तहत कार्य करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए।

मुख्य सचिव श्री जैन आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी संभाग आयुक्त और कलेक्टरों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम एवं जिलों के भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर की गई घोषणाओं में करीब 2200 से ज्यादा घोषणा पूर्ण कर ली गई है। शेष रही घोषणाओं को पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्यवाही की जा रही है। मुख्य सचिव ने जिलेवार शासन की अति महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू भी मौजूद थे।

मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि स्कूल जतन योजना के अंतर्गत विभिन्न शालाओं में निर्माण, मरम्मत के अति आवश्यक कार्य कराए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए करीब 448 आत्मानंद स्कूल बनाए जा रहे हैं, इन स्कूलों में शैक्षणिक पदों पर पदस्थापना की प्रक्रिया जारी है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में विद्यार्थियों के प्रवेश का कार्य निरंतर जारी हैं। स्कूल शिक्षा विभाग और आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित स्कूलों में छात्रवृत्ति के लिए जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं बैंक खातों से आधार लिंकिंग का कार्य किया जा रहा हैं।

मुख्य सचिव ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण महिला एवं पुरूषों को समानता के आधार पर रीपा में स्वरोजगार उपलब्ध कराया जाए। औद्योगिक पार्कों में गोबर पेंट इकाई की स्थापना और जरूरी अधोसंरचनाओं के कार्य करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। रीपा में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए रीपा को औद्योगिक समूहों और प्राईवेट सेक्टर के साथ जोड़ने के संबंध में आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। इस माह के अंत में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 14 नगर निगमों और 44 नगर पालिका के अंतर्गत बन रहे रीपा आर्बन इंडस्ट्रियल पार्कों का भूमिपूजन किया जाएगा। इस संबंध में सभी जरूरी तैयारियां करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए।

मुख्य सचिव श्री जैन ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए गौठानों में ज्यादा से ज्यादा गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने और बिक्री के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत लगातार भुगतान सुनिश्चित करें इसके लिए सभी किसानों का भुंईया पोर्टल में प्रविष्टि कराएं। इस वर्ष खरीफ कार्यक्रम के तहत राज्य के किसानों को सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद, बीज, वर्मी कम्पोस्ट की उपलब्धता एवं उठाव सुनिश्चित करने के लिए कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को अग्रिम तैयारी करने के निर्देश दिए।




# अब मोबाइल से भी सुनवाई में हो सकेंगे शामिल

» छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने की ये पहल

**रायपुर,21 जून 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने एक नवीन पहल की है। अपीलार्थी अब मोबाइल के द्वारा भी द्वितीय अपील की सुनवाई में जुड़ सकेंगे। इससे घर बैठे या अन्य किसी स्थान से अपीलार्थी सीधे सुनवाई में मोबाईल की सहायता से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपस्थित रह सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में बुधवार 21 जून से ट्रायल बेस पर इसकी शुरुआत की गई है।

राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी और राज्य सूचना आयुक्त धनवेंद्र जायसवाल के कोर्ट में आज कई प्रकरणों की सुनवाई में इसका ट्रायल किया गया। आरटीआई के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई में बिलासपुर से ठाकुर नवल सिंह और कांकेर से देवाशीष के कई प्रकरणों की सुनवाई की गई। इसमें अपीलार्थी अपने मोबाइल से सुनवाई में शामिल हुए।

अभी तक राज्य सूचना आयुक्त के न्यायालय कक्ष में अथवा संबंधित जिलों के कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से अपीलार्थी सुनवाई में शामिल हो रहे थे। अब मोबाइल से भी शामिल होने का अवसर व सुविधा मिल सकेगी।

मोबाईल से कैसे जुड़ेंगे अपीलार्थी छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के सचिव जी.आर. चुरेन्द्र ने बताया है कि मोबाइल कनेक्शन से अभ्यर्थियों को द्वितीय अपील की सुनवाई में शामिल होने के लिए वर्तमान में ट्रायल बेस पर कार्य शुरू किया गया है। इसमें राज्य सूचना आयुक्त के कोर्ट से अपीलार्थियों के रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर एक लिंक भेजा जाएगा। उस लिंक के द्वारा अपीलार्थी सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील के प्रकरण में सुनवाई की तारीख में सीधे जुड़ सकेंगे।

# मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल

## अंग्रेजी माध्यम से स्कूली शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों को बड़ी सुविधा होगी उन्हें अब उच्च शिक्षा के लिए दूसरे प्रदेशों में जाना नहीं पड़ेगा

- » राज्य शासन ने 04 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालयों की स्थापना के लिए दी स्वीकृति स्वीकृत महाविद्यालय के लिए 132 पद का किया गया सृजन
- » अंग्रेजी माध्यम से स्कूली शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों को होगी बड़ी सहूलियत
- » प्रदेश में खुलेंगे चार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज, 132 पदों पर होगी भर्ती



**रायपुर,21 जून 2023(ए)।** स्कूली बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए जाने के बाद अब स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश में 4 महाविद्यालयों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इससे अंग्रेजी माध्यम से स्कूली शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों को बड़ी सुविधा होगी। उन्हें अब उच्च शिक्षा के लिए दूसरे प्रदेशों में जाना नहीं पड़ेगा।

मुख्यमंत्री के विधानसभा में दिए गए बजट भाषण में की गई घोषणा को अमल में लाते हुए बुधवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की स्थापना सहित नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति के साथ ही कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति राज्य सरकार की ओर से दे दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य बजट 2023-24 के नवीन मद में किए गए प्रावधानों के अनुसार 4 अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही प्रत्येक महाविद्यालय के लिए 33 पदों के मान से 132 पदों के सृजन की स्वीकृति के साथ ही कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई है।

स्वीकृत नवीन शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी आध्यम आदर्श महाविद्यालय कोरबा जिला कोरबा।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी आध्यम आदर्श महाविद्यालय रायगढ़, जिला रायगढ़।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी आध्यम आदर्श महाविद्यालय बिलासपुर, जिला बिलासपुर।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी आध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद जिला महासमुंद के नाम शामिल हैं।

### स्वीकृत महाविद्यालय के लिए सृजन किए गए 132 पद

प्राचार्य के लिए 4, सहायक प्राध्यापक के लिए 48, ग्रंथपाल के लिए 4, क्रीड़ाधिकारी के लिए 4, सहायक ग्रेड-1 के लिए 4, प्रयोगशाला तकनीशियन के लिए 20, सहायक ग्रेड-2 के लिए 4, सहायक ग्रेड-3 के लिए 4, प्रयोगशाला परिचायक के लिए 20, भृत्य के लिए 8, बुक लिफ्टर के लिए 4, स्वच्छक के लिए 4 और चौकीदार के लिए 4 पदों का सृजन किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी

» राज्य के 9 जिलों के लिए ऑरेंज तो 4 जिलों के लिए यलो अलर्ट हुआ जारी

**रायपुर,21 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़वासियों के लिए एक बार फिर से बुरी खबर है। झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे प्रदेशवासियों को अभी और इंतजार करना होगा। वहीं आगामी 24 घंटे के लिए 09 जिलों के लिए जहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 04 अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। कुल मिलाकर आने वाले कुछ दिनों तक लोगों को जहां दिन में भीषण गर्मी सहन करनी होगी तो वहीं रात भी उष्ण रहेगी।

मौसम विभाग से जारी चेतावनी के अनुसार प्रदेश के बिलासपुर, रायगढ़ मुंगेली, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, महासमुंद, और दुर्ग जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों के कुछ पॉकेज में ग्रीष्म लहर तथा एक-दो पॉकेज में उष्ण रात्रि रहने की संभावना है। इसी तरह प्रदेश के कोरिया,



सरगुजा, कोरबा और बालोद जिले के कुछ पॉकेट में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना जताई गई है। भीषण गर्मी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राजधानी रायपुर सहित अन्य जिलों में अभी भी न्यूनतम तापमान का आंकड़ा 30 डिग्री के पार चल रहा है। इससे गर्मी का अंदाजा सहज भी लगाया जा सकता है। मौसम विभाग ने आगामी 2 दिनों के लिए रायगढ़, जांजगीर-चांपा, रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद और दुर्ग तथा राजनांदगांव जिले के एक-दो पॉकेज में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना जताते हुए राहत आयुक्त को सूचित किया है। मौसम विभाग की माने तो दक्षिण पश्चिम मानसून के लिए अभी और इंतजार करना होगा। 08 दिन के विलंब से चल रहे मानसून के आगे बढने के लिए वर्तमान में परिस्थितियां अनुकूल हो गई हैं। बावजूद इसके प्रदेश में इसके दस्तक देने की तिथि फिलहाल तय नहीं हो पा रही है। अनुमान है कि 25 से 26 जून के मध्य यह प्रदेश में दस्तक देगी।

# रिम्स अस्पताल में लगी भीषण आग से रिकाड्र्स जलकर खाक

**रायपुर,21 जून 2023 (ए)।** रिम्स अस्पताल में आग लगने से हड़कंप मच गया। हालांकि दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन इस आगजनी से कई रिकार्ड जलकर नष्ट हो गए।



सूत्रों ने बताया कि मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के नवा रायपुर स्थित रिम्स अस्पताल के चौथी मंजिल में अचानक आग लग गई। आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि चौथी मंजिल से धूंआ निकलते देख लोग हड़बड़ा गए। कोई कुछ समझ पाता, इसके पहले ही आग भड़क गई और आग की लपट खिड़कियों से होकर बाहर निकलने लगी। अस्पताल में आग की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया, लोगों में मची अफरा-तफरी के बीच अस्पताल की ओर से दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि चौथी मंजिल में जहां आग लगी थी, वो अस्पताल का रिकार्ड रूम था। यहां अस्पताल के कई महत्वपूर्ण रिकार्ड सुरक्षित रखा गया था। आगजनी में ये सारे रिकार्ड जलकर नष्ट हो गया है। आग कैसे लगा है, इसका पता नहीं चल पाया है।

# भाजपा नेता अपने आप को कानून से बड़ा मानते हैं

## जानबूझकर पुलिस से करते हैं मारपीटःमोहन मरकाम

**रायपुर,21 जून 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री निवास घेराव के दौरान भाजयुमों कार्यकर्ताओं पर पुलिस के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए भाजपा को कई मुद्दों पर आड़े हाथों लिया है. पीसीसी चीफमराकम ने कहा, बीजेपी के नेता अपने आप को कानून से बड़ा मानते हैं. ऐसे कार्यक्रमों में बीजेपी के नेता जानबूझकर पुलिस से उलझते हैं. इन लोग पुलिस से मार-पीट करने का



काम करते हैं. विधानसभा घेराव के दौरान भी पुलिस उलझे थे. इनके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए. कानून से ऊपर कोई नहीं है।

बस्तर में कांग्रेस के ट्रेनिंग प्रोग्राम पर पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, संभागीय सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद 90 विधानसभा में ट्रेनिंग प्रोग्राम कर रहे हैं. अब बस्तर और अन्य जिलों ट्रेनिंग प्रोग्राम होगा. हमने वृहद कार्ययोजना बनाई है, ताकि जमीनी स्तर पर मजबूत हो. मजबूती के साथ हम चुनाव लड़ें, यह हमारी तैयारी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)